




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 15 अंक - 155 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 18 मार्च 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर



### शराब के नशे में दोस्त की हत्या, संडे पार्टी के दौरान विवाद, पत्थर से कुचला

**दुर्ग।** दुर्ग जिले में रविवार की रात एक युवक की पत्थर से हमला कर हत्या कर दी गई। 5 दोस्त संडे पार्टी इंजॉय करने गए थे। तभी पुरानी बात को लेकर विवाद हो गया। पुलिस 4 संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामला पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र के पोटिया की है।

दरअसल, सोमवार की सुबह पोटिया बस्ती निवासी तोप सिंह (30) का शव मनीष ट्रेवल्स के पेट्रोल पंप के पीछे खाली जगह में मिला है। वह बिजली कंपनी में ठेका मजदूरी का काम करता था। गांव के ही 4 दोस्तों के साथ संडे शराब पार्टी करने गया था।रविवार रात पोटिया के शराब दुकान से शराब खरीदी थी। फिर पांचों दोस्त पेट्रोल पंप के पीछे शराब पीने चले गए। शराब के नशे में तोप सिंह और उसके दोस्तों के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि पास पड़े पत्थर से हमला किया और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। शव को वहीं छोड़कर दोस्त भाग गए।

पद्मनाभपुर थाना प्रभारी अक्षय प्रमोद साबद्रा ने बताया कि हत्या के 4 संदेहियों को हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ जारी है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है, लेकिन पुलिस फिलहाल कुछ नहीं बता रही है। पुलिस जांच के बाद पूरे मामले का खुलासा करेगी।

### मंत्री पद की शपथ दिलाने से राज्यपाल का इनकार, तो सुप्रीम कोर्ट पहुंची तमिलनाडु सरकार

**नई दिल्ली।** राज्यपाल आरएन रवि के खिलाफ तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग की है। दरअसल तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने राज्यपाल आरएन रवि से वरिष्ठ डीएमके नेता के पोनमुडी को मंत्री पद की शपथ दिलाने की अपील की थी, लेकिन राज्यपाल ने सीएम की सिफारिश मानने से इनकार कर दिया। इसी के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

तमिलनाडु सरकार की तरफ से वरिष्ठ वकील एएम सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करने की बात कही। सिंघवी ने याचिका में कहा कि राज्यपाल ने फिर वैसा ही किया है, जैसे मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने पहले सुनवाई की थी। अदालत ने पोनमुडी की दोषसिद्धि पर रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री ने उनकी मंत्रीपद पर नियुक्ति के लिए राज्यपाल से सिफारिश की। इस पर राज्यपाल ने पोनमुडी की मंत्री पद पर नियुक्ति को असंवैधानिक बताकर मुख्यमंत्री की सिफारिश मानने से इनकार कर दिया। तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी डीएमके ने सीएम की सिफारिश मानने से इनकार पर राज्यपाल आरएन रवि का इस्तीफा मांगा है।

# दुर्ग और कोरबा में कांग्रेस को जोरदार झटका

## दोनों क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कांग्रेसी हुए भाजपा में शामिल, सरोज-विजय ने किया भगवा गमछा पहनाकर स्वागत

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

कोरबा। भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय को कोरबा में जबरदस्त समर्थन हासिल हो रहा है। गत दिवस उनके समर्थन में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसियों ने भाजपा प्रवेश किया। भाजपा द्वारा सुश्री पाण्डेय को कोरबा के मैदान में उतारे जाने के बाद कांग्रेस का यह किला ध्वस्त होने का अंदेशा जाहिर किया जा रहा है।



सरोज पाण्डेय भाजपा की कद्दावर नेत्री हैं। वे महापौर, विधायक, लोकसभा और राज्यसभा की सांसद रह चुकी हैं। उनकी पहचान आक्रामक राजनीतिज्ञ के तौर पर भी है। इसके विपरीत कांग्रेस प्रत्याशी पर पूरे 5 वर्षों तक संसद में मौन धारण करने के आरोप लगते रहे हैं। वैसे भी, सरोज को दुर्ग में विकास विरांगना के रूप में जाना जाता रहा है। कोरबा पहुंचने के बाद उन्होंने सबसे पहली बात कोरबा के विकास को लेकर ही कही थी। यही वजह है कि इस संसदीय क्षेत्र के नागरिकों में उनके प्रति विश्वास देखने को मिल रहा है।

### भगवा गमछा पहनकर ली सदस्यता

कोरबा स्थित पाली तानाखार विधानसभा के बड़े कांग्रेस नेताओं के साथ लगभग 1200 से अधिक की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीजेपी प्रवेश कर लिया। बीजेपी कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय और उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, धरमलाल कौशिक, प्रेमचंद पटेल की उपस्थिति में कांग्रेसी नेताओं ने भगवा गमछा पहनकर सदस्यता ली। लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता लगातार भाजपा में शामिल हो रहे हैं जिससे निश्चित ही आने वाले चुनाव में इसका असर देखने को मिलेगा।

### कांग्रेस डूबता नाव - धरमलाल कौशिक

सदस्यता कार्यक्रम में पहुंचे कोरबा लोकसभा संयोजक धरमलाल कौशिक ने कांग्रेस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है। कांग्रेसी समझ चुके हैं कि उनकी नाव इस बार भी डूबने वाली है और डूबती हुई नाव में कोई सवार नहीं होना चाहता। लोकसभा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय ने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर बीजेपी में शामिल होना चाहते हैं। हमारा परिवार दिन ब दिन बढ़त जा रहा है। हम सभी मिलकर क्षेत्र के विकास की शुरुआत करेंगे।

### दुर्ग में भाजपा गदगद, किया जीत का दावा



**दुर्ग।** लोकसभा चुनाव की आहट के बीच दुर्ग में कांग्रेस को झटका लगा है। कांग्रेस पार्टी के विभिन्न विंग से जुड़े कार्यकर्ताओं ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। बीजेपी में शामिल होने वाले कांग्रेस नेताओं की संख्या 1200 बताई गई है। इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी से बीजेपी में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं को लेकर बीजेपी के नेता गदगद हैं।

दुर्ग में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल होने वाले नेताओं के क्षेत्र की बात करें तो सबसे ज्यादा भिलाई नगर से नेता बीजेपी में शामिल हुए हैं। इसके अलावा वैशाली नगर विधानसभा और अहिवारा क्षेत्र से भी कांग्रेस कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल हुए हैं। कांग्रेस नेताओं के बीजेपी में प्रवेश का यह कार्यक्रम भिलाई के निजी होटल में रखा गया। इस प्रवेश कार्यक्रम की अगुवाई दुर्ग से बीजेपी सांसद विजय बघेल ने की। उनके साथ बीजेपी के जिला अध्यक्ष महेश वर्मा भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने कहा कि 1200 कार्यकर्ता और नेता जो विभिन्न समाज से आते हैं। ये कांग्रेस के पदाधिकारी थे। अब ये कार्यकर्ता बनकर भारतीय जनता पार्टी परिवार में शामिल हुए हैं. मैं उनका हार्दिक अभिनंदन और स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि इस प्रवेश कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय के 30 से ज्यादा लोग बीजेपी में शामिल हुए हैं। कांग्रेस से जो नेता बीजेपी में शामिल हुए हैं उनमें से कई नेता अपने अपने क्षेत्र में प्रभावशाली है। बीजेपी को इसी बहाने उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव में ये नेता उनकी बैतरणी पार लगा सकते हैं। बीजेपी नेता इस प्रवेश कार्यक्रम के आधार पर जीत का दावा कर रहे हैं।

## टी सुंदरराजन का तेलंगाना के राज्यपाल व पुडुचेरी के एलजी का पद से इस्तीफा

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। पुडुचेरी के राजभवन की तरफसे जारी बयान में उन्होंने इस केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल पद छोड़ने की भी जानकारी दी।



तमिलिसाई सुंदरराजन को नवंबर 2019 में तेलंगाना का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। इसके बाद उन्हें फरवरी 2021 में पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया।

कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि तमिलिसाई सुंदरराजन इस बार भाजपा के टिक्ट पर तमिलनाडु से चुनाव लड़ सकती हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा उन्हें डीएमके नेता कनिमोझी के खिलाफ भी उतार सकती है। 2019 के चुनाव में सुंदरराजन ने चुनाव लड़ा था। हालांकि, उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वहीं, 2009 में वे चेन्नई (उत्तर) सीट से प्रत्याशी रही थीं। हालांकि, यहां उन्हें डीएमके के टीकेएस एलंगोवन से हार का सामना करना पड़ा।

## यात्रियों से भरी बस शिवनाथ में पलटी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** सिमगा-बेमेतरा मार्ग पर शिवनाथ नदी पर बने पुराने पुल से बस पलटने से 28 सवारी घायल हो गई। घायलों में बच्चे, महिलाएं व बुजुर्ग शामिल हैं। हादसे में गंभीर रूप से घायल 8 यात्रियों को रायपुर स्थित आंबेडकर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। पुलिस की जानकारी के मुताबिक बेमेतरा से सिमगा जा रही सवारी बस अनियंत्रित होकर पुल से नीचे पलट गई।



पुल से बस के नीचे गिरने के बाद आसपास के लोगों ने बस में सवार यात्रियों को बाहर निकाला। ग्राम मटका के बागेश्वर ध्रुव का परिवार व रिश्तेदार सिमगा थाना क्षेत्र के ग्राम कामता में कलीराम ध्रुव के घर छट्ठी में शामिल होने के लिए जा रहे थे। बेमेतरा थाना प्रभारी चंद्रदेव वर्मा ने बताया कि सभी घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल सिमगा में भर्ती किया गया था। बाद में 8 सवारियों को गंभीर अवस्था में रायपुर रेफर किया गया है। पुलिस की विवेचना की जा रही है।

### बस में 45 यात्री सवार थे

बस में 45 लोग सवार थे जिसमें शिवानी ध्रुव, उर्मिला सेन, फैसिया बाई ध्रुव, टिकेश्वर ध्रुव, मंटोरा, कल्याणी साहू के सिर में गंभीर चोटें आई है। शेष घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा में भर्ती किया गया है।

## तेज रफ्तार एसयूवी ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर, नौ लोगों की मौत



**खगड़िया।** बिहार में सोमवार को सुबह की शुरुआत एक बहुत बड़े हादसे की खबर से हुई। खगड़िया में हाईवे पर एक एसयूवी ने ट्रैक्टर को पीछे से ऐसी जबरदस्त टक्कर मारी कि चीख-पुकार मच गई। इस भीषण हादसे में पिता और दो पुत्र समेत नौ लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों को खगड़िया सदर अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल भेजा गया है। इधरद्व घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई। बताया जा रहा है कि जिले के चौथम थाना क्षेत्र के ठूठी मोहनपुर से बारात मरैया थाना क्षेत्र स्थित बिठला गांव आई थी। बारात के ही लोग सूर्योदय से पहले करीब तीन से चार बजे के बीच लौट रहे थे। इसी दौरान पसराहा थाना क्षेत्र स्थित न 31 विद्या रत्न पेट्रोल पंप के पास एसयूवी वाहन सीमेंट लोड ट्रैक्टर के पीछे जा घुसी। इससे वाहन सवार सात लोगों की मौत घटनास्थल पर हो गई जबकि दो की मौत सदर अस्पताल खगड़िया में इलाज के दौरान हुई है।

### परिजनों में मचा चित्कार, अस्पताल में अफरातफरी का माहौल

घटना की सूचना मिलने के बाद मरने परिजनों में कोहराम मच गया है। आननफानन में सभी लोग घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद खगड़िया सदर अस्पताल में भी लोगों की भीड़ जुड़ गई है। पूरा अस्पताल परिसर में अफरातफरी का माहौल बना हुआ है। मरने वालों की पहचान विनोद ठाकुर के 32 वर्षीय पुत्र गौतम कुमार, उमेश ठाकुर के सात वर्षीय पुत्र मोनू कुमार, प्रमोद कुमार के 25 वर्षीय पुत्र अमन कुमार, शांति ठाकुर के 47 वर्षीय पुत्र विकास ठाकुर, विकास ठाकुर के 23 वर्षीय पुत्र अंशु कुमार और 10 वर्षीय पुत्र दिलों कुमार, राम ठाकुर के 50 वर्षीय पुत्र पलटू ठाकुर, रोहन सिंह के 48 वर्षीय पुत्र प्रकाश सिंह और कारी शर्मा के पुत्र धर्मेंद्र कुमार (ड्राइवर) के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने सभी शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खगड़िया भेज दिया है।

## बिलासपुर से हफ्ते में 2 दिन दिल्ली-कोलकाता के लिए फ्लाइट

- **28 मार्च से होगी शुरू, हैदराबाद के लिए जल्द शुरू होगी उड़ान**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से अलायंस एयर की फ्लाइट हफ्ते में दो दिन दिल्ली और कोलकाता के लिए उड़ान भरेगी। कंपनी ने 28 मार्च से नियमित उड़ान शुरू करने के लिए राज्य सरकार से किया है। इसके लिए बुकिंग भी शुरू हो गई है। इसके साथ ही अब जल्द ही जगदलपुर से हैदराबाद के लिए भी फ्लाइट शुरू करने की योजना है।



शेड्यूल के मुताबिक कोलकाता से फ्लाइट सुबह 7.50 बजे उड़ान भरकर 8.55 बजे चकरभाठा एयरपोर्ट पहुंचेगी। यहां से 9.35 बजे उड़ान भरकर 11.25 बजे कोलकाता पहुंचेगी। दिल्ली की फ्लाइट वहां से 7 बजे उड़ान भरकर 9.30 बजे पहुंचेगी और 10.10 बजे उड़ान भरकर 12.40 बजे दिल्ली लौटेगी।

### अलायंस कंपनी ने शुरू की बुकिंग

बिलासपुर से कोलकाता और बिलासपुर से दिल्ली सीधी विमान सेवा के लिए अलायंस कंपनी ने बुकिंग शुरू कर दी है। इससे पहले ट्रायल पर एक दिन के लिए टिकट बुक हुआ था। लेकिन अब अलायंस कंपनी ने 28 मार्च से सप्ताह में दो दिन नियमित विमान सेवा शुरू करने के लिए बुकिंग शुरू की है। अलायंस एयर ने अभी बिलासपुर से हैदराबाद के लिए हवाई सुविधा शुरू नहीं की है। लेकिन, राज्य सरकार और अलायंस कंपनी के बीच इसके लिए ओएमयू की प्रक्रिया चल रही है।

## पल में परलय होयगी, बहुरी करेगा कब

श्रीकंचनपथ




नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में 90 फीसदी से ज्यादा मामले पिछले पांच साल से पंडिंग हैं। इधर मामलों में लगभग दोगुनी का इजाफा हुआ है। पहले जहां मुख्यत: गांजा ही पकड़ा जाता था वहीं अब इसमें चरस भी शामिल हो गया है। इन मामलों में पुलिस ने इतना किया है कि प्रकरण बनाए हैं, गिरफ्तारियां की हैं पर या तो अदालत में वह दोष सिद्ध ही नहीं करवा पाई या फिर मामला विवेचनाधीन ही रह गया। मतलब साफ है कि साल दर साल मामलों की यह पेंडेंसी बढ़ती रहेगी। लोग गिरफ्तार होंगे और फिर जमानत पर छूट भी जाएंगे। जिनकी जमानत नहीं हो पाएगी, वो बिना सुनवाई के ही अपनी सजा से ज्यादा समय जेलों में काट लेंगे। खबरों के मुताबिक पिछले पांच साल में पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के मामलों में 5058 मामले दर्ज कर 7638 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से केवल 196 लोगों को ही सजा दी जा सकी है। वहीं 175 तस्कर दोषमुक्त करार दिये गये। छत्तीसगढ़ के ड्रग मार्केट की नई आमद हेरोईन, चरस, एमडीएम (एक्सटेसी, मॉली) के भी मामले पिछले पांच साल में सामने आए हैं। इन मामलों में 68 लोगों की गिरफ्तार हुई पर सजा किसी को नहीं हुई। वैसे पुलिस को सबसे बड़ी सफलता गांजा के मामलों में ही मिली है। क्यों न हो, गांजा के मामलों में पुलिस के पास सबसे ज्यादा एक्सपीरियंस है। गांजा मामले में पुलिस ने 3871 प्रकरण बनाकर 5790 लोगों को पकड़ा जिनसे 133 करोड़ रुपए मुल्य का सवा लाख किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। गांजा के मामले में पुलिस 175 लोगों को सजा दिलाने में कामयाब रही जबकि 125 दोषमुक्त हो गए। मादक पदार्थों की तस्करी रोकने और अपराधियों को सजा दिलाने के लिए पुलिस विभाग अच्छी खासी सिर-खपाई करती है। मादक पदार्थों की जब्ती के बाद मामले के निस्तारण तक इन नशीले पदार्थों का भंडारण और सुरक्षा भी एक बड़ी परेशानी का सबब है। मामले खत्म होने के बाद इन नशीले पदार्थों को नष्ट करना भी पुलिस की ही मगज-मारी है। जिस तादाद में पेंडिंग मामले बढ़ रहे हैं, यदि सभी प्रक्रियाओं का सही ढंग से पालन किया गया तो कुछ ही समय में पुलिस थानों को गांजा गोदाम कहा जाने लगेगा। अदालतों पर पेंडिंग मामलों का इतना दबाव है कि वहां फाइलों के पहाड़ लगातार बड़े हो रहे हैं। वक्त आ गया है कि छोटे मामलों के निस्तारण की कोई अलग से व्यवस्था की जाए। विशेष कर ऐसे मामलों की, जिसमें साल-छह महीने की सजा या 5-10 हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान है। ऐसे मामले अदालतों से हटेंगे तो न केवल वहां केवल भीड़ छंटेगी और काम बेहतर होगा बल्कि पुलिस का भी काम कुछ आसान हो जाएगा। सरकारी खजाने को भी जुर्माने की राशि समय पर मिल जाएगा। विचाराधीन कैदियों के बोझ से कारागारों को मुक्ति मिलेगी। इन मामलों में गिरफ्तार मजबूरन अपराधियों को राहत मिलेगी।




## संपादकीय

### कम उम्र में कैंसर

दुनिया में कैंसर का फैलते जाना जितनी चिंता की बात है, उससे कहीं ज्यादा विचलित करने वाली बात है कि युवाओं में इस बीमारी का प्रकोप बढ़ रहा है। पहले जो बीमारियां बड़ी उम्र के लोगों को होती थीं, अब कम।

दुनिया में कैंसर का फैलते जाना जितनी चिंता की बात है, उससे कहीं ज्यादा विचलित करने वाली बात है कि युवाओं में इस बीमारी का प्रकोप बढ़ रहा है। पहले जो बीमारियां बड़ी उम्र के लोगों को होती थीं, अब कम उम्र के लोगों में भी दिखने लगी हैं। इस बीमारी के इलाज से जुड़े डॉक्टरों के पास ऐसे बहुत मरीज आने लगे हैं, जिनकी उम्र ज्यादा नहीं है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, हालात इस तरह से बदल रहे हैं कि शोधकर्ता चिकित्सक भी चिंतित हैं। 16 साल का एक किशोर गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर का इलाज कराने के लिए चीन से टेक्सास आया था। यह कैंसर बड़ी उम्र के लोगों में ही देखा जाता है। उसके माता-पिता ने किशोर की देखभाल के लिए अपना घर बेच दिया था, मगर तब तक बहुत देर हो चुकी थी। टेनेसी के नैशविले में वेंडरबिल्ट यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में ऑन्कोलॉजिस्ट कैथी इंग कहती हैं, चीन से आए किशोर की बीमारी ऐसे स्तर पर पहुंच चुकी थी कि इलाज के लिए कुछ भी करना संभव नहीं था।

> “ अब कम उम्र से ही कैंसर के प्रति सावधान रहने की जरूरत है। शोधकर्ताओं ने जांच की उम्र घटाने की भी सिफारिश की है। अनेक प्रसिद्ध लोगों की इस बीमारी से कम उम्र में मौत हुई है, इससे भी जागरूकता को बल मिल रहा है। साल 2020 में 43 वर्षीय अभिनेता चैडविक बोसमैन की कोलन कैंसर से मौत ने जागरूकता बढ़ाने में बड़ी मदद की है। डॉक्टर अब इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि 40 की उम्र से ही सतर्कता व जांच का सिलसिला शुरू हो जाना चाहिए, ताकि बड़ी उम्र में ज्यादा आश्वस्त रहा जा सके।

नैशविले से हजारों मील दूर यहां मुंबई में भी सर्जन जॉर्ज बैरेटो यही बात नोटिस कर रहे हैं। इंग और बैरेटो जैसे ऑन्कोलॉजिस्ट बहुत कठिनाई से आंकड़े जुटा रहे हैं और अब इस बीमारी के आंकड़े स्पष्ट होने लगे हैं। आंकड़ों के अनुसार, 50 वर्ष से कम उम्र के वयस्कों में एक दर्जन से अधिक प्रकार के कैंसर की दर बढ़ रही है। यह वृद्धि देश-दर-देश और कैंसर-दर-कैंसर अलग-अलग है, पर वैश्विक डाटा पर आधारित मॉडल बताते हैं कि साल 2019 से 2030 के बीच शुरुआती कैंसर के मामलों में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि होगी। अमेरिका में कोलोरेक्टल कैंसर- जो आमतौर पर 1960 के दशक के मध्य में ज्यादा उम्र के पुरुषों को प्रभावित करता था, वह 50 वर्ष से कम उम्र के पुरुषों में तेजी से बढ़ रहा है। यह युवा महिलाओं में कैंसर से होने वाली मौत का दूसरा प्रमुख कारण बन गया है। जैसे-जैसे बेहतर जांच, जागरूकता और उपचार की गति बढ़ रही है, वैसे-वैसे जांचकर्ता यह समझने लगे हैं कि इस बीमारी की दरें क्यों बढ़ रही हैं? यह बात बार-बार सामने आ रही है कि इस बीमारी के लिए अनेक कारक जिम्मेदार हैं। किसी एक कारक को ज्यादा जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। इलिनोइस में शिकागो विश्वविद्यालय की गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट सोनिया कुफर कहती हैं, ‘यह बढ़ती बीमारी कई अलग-अलग कारकों का संयोजन लगती है।’ अमेरिका के आंकड़े ज्यादा स्पष्ट हैं, 1990 के दशक के मध्य से 50 वर्ष से कम उम्र की त्रियों में गर्भाशय कैंसर में हर साल दो प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्तन कैंसर के मामलों में भी 2016 और 2019 के बीच प्रति वर्ष 3.8 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई है। वैज्ञानिकों ने श्वेत और अश्वेत के बीच कैंसर-दर का अध्ययन किया है और कम उम्र के अश्वेतों में बीमारी की आशंका ज्यादा है।

> “ कई दशक पहले, प्रतिष्ठित प्रशासनिक अधिकारी एवं वैज्ञानिक डॉ. एमएस रंधावा ने एक लेख में किसानों और खेती के बारे में लोकप्रिय धारणा के बारे में बात की थी। एक किसान निस्संदेह बहुत मेहनती होता है। सर्दी हो, गर्मी हो या फिर बारिश आती हो; आप हमेशा उसे खेतों में कड़ी मेहनत करते हुए देख सकते हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि किसानों ने अपने श्रम से, पसीना बहाकर अकेले ही देश को भूख के जंजाल से बाहर निकाला है।

# उपभोक्ताओं को सब्सिडी दे रहे हैं किसान



देविंदर शर्मा

डॉ. रंधावा को उस समय समाज में प्रचलित एक किसान की स्वीकृत छवि से परेशानी हुई। आमजन की कल्पना में, किसान एक सादी पोशाक पहनता है, अक्सर एक मैला कुर्ता व धोती पहनता है और टूटी-टांके लगी धूल-धूसरित जूती पहनकर चलता है। उम्मीद रहती है कि आने-जाने के लिए ज्यादा से ज्यादा साइकिल इस्तेमाल करता है, और जब भी आप उसे दोपहिया वाहन चलाते हुए देखते हैं, तो अक्सर भौंहें तन जाती हैं। हालांकि अब वक्त बदल गया है लेकिन किसान और खेती के बारे में धारणा अब भी पूर्ववत ही कायम है।

साइकिल की जगह भले ही दोपहिया वाहन ले चुका है, जिसे अब कार द्वारा बदला जा चुका है, ऊपरी तबके में किसानों के पास कई बार शानदार मॉडल भी होते हैं, लेकिन एक पेशे के रूप में खेती के बारे में आमजन की सोच में बहुत बदलाव नहीं आया है। ग्रामीण-शहरी विभाजन का प्रतिबिंब, खेती अभी भी शहरी हाशिये पर बनी हुई है। मिसाल के तौर पर, यदि कोई किसान शहरी दायरे में प्रवेश करने की कोशिश करता है, तो उसे अभी भी नापसंद किया जाता है, और यहां तक कि खान-पान के तौर-तरीके अपनाता है, जिसमें मिसाल के तौर पर पिज्जा खाना भी शामिल है। इसके अलावा, ऐसे समय में जब एक घरेलू सहायिका को अपने कार्यस्थल तक जाने को स्कूटी चलाते हुए देखना असामान्य नहीं है, एक किसान द्वारा ट्रैक्टर पर महंगे म्यूजिक सिस्टम का उपयोग करना मंजूर नहीं है।

असल में, खेती एक दोयम दर्जा शब्द बन गया है। किसानों के प्रति इतनी गहरी उदासीनता है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी किसानों पर सवाल उठाने वाले प्रबल वृत्तांत के साथ ही तिरस्कार और अवमानना का भाव भी सामने आता है। विरोध कर रहे किसानों पर लगातार अपमानजनक शब्द कहे जा रहे हैं और मुख्यधारा के माध्यमों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी अपमानजनक टिप्पणियां कृषक समुदाय के खिलाफ व्याप्त कुंठा के भावों का प्रतिबिंब हैं। आम तौर पर यह माना जाता है कि किसान बहुत पाला-पोसा जाता है, उन्हें भारी सब्सिडी व मुफ्त बिजली मिलती है, और वे इनकम टैक्स नहीं देते। किसानों की आय में कोई भी वृद्धि उपभोक्ता कीमतों पर असर डालेगी। जिसके परिणामस्वरूप खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ेगी इसलिए किसानों को बढ़ी हुई आय के अधिकार से वंचित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

चारों ओर इतनी गलत सूचनाएं, और त्रुटिपूर्ण आर्थिक तर्क उछाले जा रहे हैं कि मिथक व वास्तविकता में भेद करना आसान नहीं। किसी भी मामले में, नीति-निर्माता, अर्थशास्त्री और मीडिया फैलाए जा चुके भ्रम से खुश लगते हैं। चाहे वह काल्पनिक खाद्य मुद्रास्फीति के आंकड़े हों या राष्ट्रीय खजाने पर संभावित वित्तीय बोझ, सभी प्रकार के संदिग्ध आंकड़े प्रचलित हैं। मूल मान्यता यह है कि किसानों की आय में कोई भी बढ़ोतरी बाजार को बिगाड़ देगी और इससे व्यापार और उद्योग के मुनाफे में कमी आएगी। हकीकत में, जो स्वाभाविक से भी ज्यादा हो चुका है वह ये कि किसान को निरंतर गरीबी में रखने को लेकर देश संतुष्ट नजर आता है।

यदि किसान इतने लाड़ले होते तो मुझे कोई कारण नहीं दिखता कि औसत कृषि आय निम्नतम स्तर पर बनी रहनी चाहिये थी। जो पहले कहा जा चुका है उसे दोहराने के जोखिम पर, कृषि परिवारों के लिए स्थितिजन्य आकलन सर्वेक्षण 2021 की नवीनतम रिपोर्ट की गणना के मुताबिक, कृषि परिवार की औसत मासिक आय 10,218 रुपये है। इससे यह भी पता चला कि खेती से होने वाली आय मनरेगा श्रमिकों की मासिक मजदूरी से भी कम थी। इससे भी बुरी बात, किसानों की स्थिति पर देश के एक अंग्रेजी दैनिक में बीती 23 फरवरी को प्रकाशित विवरण से पता चलता है कि पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे राज्यों में औसत कृषि आय अभी भी कम है और 5,000 रुपये से 6,000 रुपये प्रति परिवार प्रति माह के बीच है। यहां तक कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भी, जहां 90 प्रतिशत से अधिक किसान परिवार कर्जदार हैं, आय बहुत कम है। एक अध्ययन में यह पता चला है कि आंध्र प्रदेश के कई सूखा प्रभावित जिलों में लगभग 14 प्रतिशत पारिवारिक आय सरकारी योजनाओं से आती है जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा प्रत्यक्ष आय मदद शामिल है।

इसके अलावा, जैसा कि कुछ दिन पूर्व पेश 2022-23 घरेलू खर्च सर्वेक्षण से पता चलता है कि एक पेशेगत उद्यम के रूप में खेती कितनी अनिश्चित हो गई है, जिसमें कृषि परिवारों का खर्च ग्रामीण परिवारों से कम हो गया है। आय कम होने के कारण उपभोग कम है। इसलिए यह कहना कि किसान आयकर नहीं देते, उचित नहीं है। एक राष्ट्र के रूप में क्या यह हमारा कर्तव्य नहीं बनता कि हम सबसे पहले किसानों को कर योग्य आय दें?

किसी भी स्थिति में, यह उपभोक्ता केंद्रित नजरिया ही है जो असल में किसान को सही कीमत प्रदान करने से इनकार करता है। एक-दो साल को छोड़ दें तो व्यापार की शर्तें नकारात्मक रही हैं। कई अध्ययनों में सामने आया कि एक दशक से ज्यादा वक्त से ग्रामीण मजदूरी स्थिर है या फिर घट रही है। कृषक परिवारों के उपभोग स्तर में गिरावट भी यह इंगित करती है। और फिर भी, जैसे ही उच्चतर एमएसपी घोषित किया जाता है, अखबारों के संपादकीय लगभग हर बार इसे खाद्य मुद्रास्फीति में प्रत्याशित बढ़ोतरी से जोड़ने लगते हैं। दरअसल, कृषि लागत और मूल्य आयोग यानी सीएसीपी द्वारा जिन 23 फसलों के लिए एमएसपी की गणना करने के बाद उनकी कीमतों की घोषणा की जाती है, तो वह उनकी कीमतों की सिफारिश करने से पहले इनपुट-आउटपुट मूल्य समानता और बाजार कीमतों के रुझान पर गौर करता है। इसके अलावा, खाद्य मुद्रास्फीति को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित जायज सीमा के भीतर रखने से, लोगों को अक्सर यह अहसास नहीं होता है कि किसान वास्तव में उपभोक्ताओं और इस तरह देश की अर्थव्यवस्था को सब्सिडी देते हैं।

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन यानी ओईसीडी के हालिया अध्ययन बताता है कि भारतीय किसान साल 2000 से घाटे की खेती कर रहे हैं, जिस वर्ष इसने उत्पादक-सब्सिडी मदद का आकलन करना शुरू किया था। किसानों को जो आर्थिक नुकसान हुआ है वह मार्केट में किसानों को मिलने वाली कीमत और सब्सिडी, कुछ राज्यों में फ्री बिजली मदद भी, को जोड़ने के बाद हुआ है। ओईसीडी डेटा यह भरपूर स्पष्ट करता है कि बाजार को कायम रखने के लिए, हमने जान-बूझकर खेती को कंगाल बनाए रखा है। जब तक हम किसान को मूलभूत जरूरतों से वंचित रखना जारी रखेंगे, तब तक डॉ. एमएस रंधावा द्वारा उकेरी गयी किसान की छवि बदलने वाली नहीं है। किसान को संकट से उबारने के लिए एमएसपी की गारंटी पहला कदम होगा, लेकिन उसे दशकों से हो रहे घाटे की पूर्ति करने के लिए और भी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। जब तक किसानों और समाज के अन्य वर्गों के बीच आय में बराबरी यकीनी बनाने के प्रयास नहीं किये जाते तब तक किसान अपनी छवि से बाहर नहीं निकल सकता है।

# निर्वाचन आयोग ने भी बजा दिया महासमर का बिगुल

> “ कई दशक पहले, प्रतिष्ठित प्रशासनिक अधिकारी एवं वैज्ञानिक डॉ. एमएस रंधावा ने एक लेख में किसानों और खेती के बारे में लोकप्रिय धारणा के बारे में बात की थी। एक किसान निस्संदेह बहुत मेहनती होता है। सर्दी हो, गर्मी हो या फिर बारिश आती हो; आप हमेशा उसे खेतों में कड़ी मेहनत करते हुए देख सकते हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि किसानों ने अपने श्रम से, पसीना बहाकर अकेले ही देश को भूख के जंजाल से बाहर निकाला है।

संजय कुमार, प्रोफेसर, सीएसडीएस

शनिवार को चुनाव तिथियों की घोषणा के साथ देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। 2019 की तरह इस बार भी सात चरणों में मत डाले जाएंगे। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है। निष्पक्ष चुनाव कराने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि मतदाता बिना किसी डर के मतदान केंद्रों तक पहुंचें, जितनी तैयारी की जरूरत है, उसको देखते हुए चुनाव आयोग के लिए इतना वक्त लेना आवश्यक था। हां, इस बार दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में विलंब होने के कारण जो चुनाव-प्रक्रिया मई तक पूरी हो जाती थी, वह 4 जून तक खिंच गई है। वैसे, इस बार भी पहले की तरह पहली बार मताधिकार का इस्तेमाल करने वाले युवा वोटर पर खास नजर है। हमने देखा है, पहली बार वोट डालने वालों की चुनावों में दिलचस्पी बढ़ी है। इस चुनाव में 1.82 करोड़ मतदाताओं को पहली बार ईवीएम का बटन दबाने का मौका मिलेगा।

साफहै, तमाम दलों के लिए अब परीक्षा की घड़ी आ गई है। पूछा जा रहा है, यह चुनाव इतना महत्वपूर्ण क्यों है? दरअसल, 2014 के आम चुनाव में 10 साल से सत्तारूढ़ कांग्रेस की अगुवाई वाली संप्रग सरकार की विदाई हुई थी, और भाजपा वैसे तो गठबंधन बनाकर उस चुनाव में उतरी थी, लेकिन उसने अपने दम पर बहुमत हासिल किया था। कांग्रेस तब उस हार को सत्ता-विरोधी रुझान का नतीजा मान रही थी, और उसे उम्मीद थी कि वर्ष 2019 में वह वापसी करने में सफल हो जाएगी। तब उसमें न कोई निराशा थी, और न कोई भगदड़। मगर अगला आम चुनाव उसके लिए कहीं अधिक कठिन साबित हुआ। 2019 में हार से कांग्रेस जहां बिखराव का शिकार हो गई, वहीं भाजपा अधिक संगठित बनकर उभरी। लिहाजा, इस बार के चुनाव की सत्ता पक्ष के लिए अलग अहमियत है, तो विपक्षी दलों के लिए अलग। भाजपा के लिए सवाल होगा कि उसकी जड़ें और मजबूत हो रही हैं या जितनी मजबूत होनी थी, हो गई हैं? इसकी वजह यह अनुमान है कि भाजपा दक्षिण में अपने शीर्ष पर पहुंच चुकी है और इससे ज्यादा उसके लिए जनाधार बनाना मुश्किल है। उत्तर भारत में तो खैर वह मुकाम पा ही चुकी है। यानी, यह चुनाव तय करेगा कि भाजपा का विस्तार पूरा हो चुका है या उसके लिए अब भी दक्षिण भारत में कोई उम्मीद है?

उधर, कांग्रेस की सबसे बड़ी चिंता यही है कि अगर इस चुनाव में भी उसका साल 2014 और 2019 की तरह के परिणामों से सामना हुआ, तो पार्टी का भविष्य क्या होगा? आखिर किस तरह से यह खुद को बचाएगी और किन क्षेत्रों से उम्मीद बांधेगी?

साल 2019 के बाद भारतीय राजनीति का नैरेटिव बदल गया है। अब हर पार्टी यही बताने की कोशिश कर रही है कि वह हिंदू समाज की हिमायती है। पहले जैसी वह अल्पसंख्यक-हितों की वकालत करती नहीं दिखना चाहती। 2014 व 2019 के आम चुनावों के अलावा राज्यों के चुनाव में जिस तरह भाजपा को जीत मिलती गई, उससे हिंदू-हित भारतीय राजनीति के केंद्र में आ गया। अब सियासी पार्टियां बहुसंख्यक वर्ग की राजनीति करने लगी हैं। इसी तरह, ‘नए भारत का निर्माण’ भी मतदाताओं के बीच बहस का विषय है। 2019 के चुनाव में विकसित भारत की बात कही जा रही थी, लेकिन इस बार नए भारत का नैरेटिव गढ़ा गया है। यदि भाजपा तीसरी बार सत्ता में आई, तो यह नए भारत के निर्माण की उसकी संकल्पना पर मतदाताओं की स्वीकृति मानी जाएगी। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से अनुच्छेद-370 के अंत के साथ जम्मू-कश्मीर की सांविधानिक स्थिति बदली गई, क्षेत्रीय अस्मिता से अधिक राष्ट्रीय अस्मिता को तवज्जो दी गई, और अब नागरिकता (संशोधन) कानून लागू किया गया है, उससे इस सोच को बल मिलता है। भारत आगे भी इसी तरह बढ़ेगा या फिर उसकी दिशा बदलेगी, साल 2024 का आम चुनाव इसकी मुनादी करेगा।

बहरहाल, यह चुनाव भाजपा और कांग्रेस ही नहीं, तमाम अन्य दलों के लिए भी काफी अहम है। देखना बस यही है कि कौन, कितना मैदान मार पाता है? वैसे, लोकतंत्र की खूबसूरती तो मजबूत सरकार के साथ-साथ सशक्त विपक्ष में निहित है। उम्मीद है, यह चुनाव भारतीय लोकतंत्र को और खूबसूरत बनाएगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# पूरा हिसाब अभी बाकी है

हरिशंकर व्यास

सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद भारतीय स्टेट बैंक ने चुनावी बॉन्ड का हिसाब तो चुनाव आयोग को सौंप दिया है लेकिन यह अधूरा आंकड़ा है। हालांकि कहने को कहा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2019 से लेकर अभी तक के चुनावी बॉन्ड की खरीद बिक्री का डाटा देने को कहा था और स्टेट बैंक ने इसका पालन किया है।

लेकिन सवाल है कि जब चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा देने का कानून 2017 में बना था और 2018 से इसे लागू कर दिया गया था तो फिर एक साल बाद से डाटा देने का क्या मतलब है? कायदे से चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था लागू होने के बाद से ही यह हिसाब सार्वजनिक होना चाहिए कि किस कारोबारी घराने ने कितने का बॉन्ड खरीदा और किस पार्टी ने कितने का बॉन्ड भुनाया।

भारतीय स्टेट बैंक की ओर से दिया गया चुनावी बॉन्ड का हिसाब इस लिहाज से भी अधूरा है कि इसमें स्टेट बैंक ने हर बॉन्ड के साथ जारी होने वाला यूनिक कोड यानी यूनिक अल्फा न्यूमेरिक नंबर्स नहीं बताया है। उस यूनिक कोड के जरिए ही पता चलेगा कि किस कारोबारी घराने का बॉन्ड किस पार्टी ने भुनाया है। किस कारोबारी ने किस पार्टी को कितना चंदा दिया है और कब दिया है यह पता चलने के बाद ही क्विड प्रो को यानी सरकार और पार्टियों के साथ कारोबारियों की मिलीभगत की पूरी तस्वीर सामने आएगी।

अभी तो सिर्फ अंदाजा लगाया जा रहा है। हालांकि शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह सवाल उठाया और भारतीय स्टेट बैंक से पूछा कि उसने बॉन्ड का यूनिक अल्फा न्यूमेरि नंबर क्यों नहीं दिया है। सर्वोच्च अदालत ने बैंक को यह नंबर भी सार्वजनिक करने को कहा है। इससे यह पता चल पाएगा कि किस कंपनी द्वारा खरीदा गया कौन सा बॉन्ड किस पार्टी ने भुनाया।

स्टेट बैंक की ओर से जारी आंकड़ों पर और भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि अभी तक सारे आंकड़ों का विश्लेषण नहीं हो पाया है। सारे आंकड़ों का विश्लेषण होने के बाद ही पता चल पाएगा कि छोटी छोटी सैकड़ों कंपनियों ने जो बॉन्ड खरीदे हैं उन कंपनियों के पीछे कौन है या उनका क्या हित पूरा हो रहा है। लेकिन मोटे तौर पर विश्लेषण के बाद यह पता चल रहा है कि यह आंकड़ा अधूरा है। स्टेट बैंक की ओर से दी गई सूची में एक बड़ी गड़बड़ी का सवाल कांग्रेस ने उठाया है।

कांग्रेस ने बताया है कि स्टेट बैंक के आंकड़े में दान देने वाले यानी चुनावी बॉन्ड खरीदने वालों की सूची में 18,871 एंट्री है, जबकि दान लेने वाले यानी बॉन्ड भुनाने वालों में 20,421 की एंट्री है। इस मिसमैच का क्या मतलब है? हालांकि भारतीय स्टेट बैंक की ओर से दिए गए आंकड़ों को वेबसाइट पर अपलोड करने के बाद चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया कि उसे स्टेट बैंक ने जो कुछ दिया था उसे उसने बिल्कुल उसी तरह से अपलोड कर दिया। यानी ब्योरे में अगर कुछ कमी है तो उसके बारे में स्टेट बैंक ही जानकारी दे सकता है।

# पहली बार मतदाता बने युवाओं की बड़ी जिम्मेदारी

चुनाव लोकतंत्र का आधार है। चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होना हर मतदाता का कर्त्तव्य है, विशेषकर युवाओं को भी यह बात समझनी होगी। पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं की सक्रिय भागीदारी भी बहुत महत्त्वपूर्ण है।

नए मतदाताओं का नया दृष्टिकोण होता है। एक युवा मतदाता की ऊर्जा और तकनीक-प्रेमी प्रकृति, चुनावी परिदृश्य को जीवंत बनाती है। साथ ही उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा देती है। वे निर्वाचित प्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाने एवं जनता से जुड़े मुद्दों का समर्थन करने व आवाज उठाने के लिए सोशल मीडिया का खूब उपयोग करते हैं। इस प्रकार लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाते हैं।

देश में इन दिनों आम चुनाव, 2024 की तैयारी चल रही है। ऐसे में युवाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका की तरफ ध्यान आकर्षित करना जरूरी है। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम ‘मन की बात’ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता के महत्त्व पर जोर दिया। पहली बार मतदाता बने युवाओं के लिए लक्षित निर्वाचन आयोग के ‘मेरा पहला वोट देश के लिए’ अभियान के महत्त्व को रेखांकित किया। उन्होंने भारत के युवाओं के जोश और उत्साह की सराहना की तथा उनसे सक्रिय रूप से मतदान में भाग लेने की अपील की।

भारतीय निर्वाचन आयोग चुनावों में युवाओं की सार्वजनिक प्रबुद्ध सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ‘मेरा पहला वोट देश के लिए’ अभियान चला रहा है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अभियान गीत लॉन्च किया है। यह अभियान गीत मतदाता जागरूकता अभियान का एक हिस्सा है। इस पहल के तहत उच्च शिक्षा संस्थान देश भर में मतदाता जागरूकता कार्यकलापों का आयोजन कर रहे हैं और लोकतंत्र के लिए मतदान करने पर जोर दे रहे हैं। ऑनलाइन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं जिनमें ब्लॉग लेखन, पॉडकास्ट, वाद-विवाद आदि का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, तथा मतदाता संकल्प अभियान के जरिए विद्यार्थियों को चुनावी प्रक्रिया की तरफ आकर्षित किया जा रहा है। उन्हें चुनाव प्रक्रिया के बारे में शिक्षित किया जा रहा है। एनएसएस स्वयंसेवक तथा संस्थान के क्लब सक्रिय रूप से अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। इंस्टाग्राम, यूट्यूब और मनोरंजन उद्योग सहित विभिन्न प्लेटफार्मों के प्रभावशाली लोग सक्रिय रूप से इस अभियान का समर्थन कर रहे हैं और पहली बार मतदाता बने युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। देश के कोने-कोने से लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं। खेल, मनोरंजन, व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ने वाले प्रमुख नाम इस संदेश को दूर-दूर तक फैलाने के लिए एक साथ आए हैं। यह ‘जन आंदोलन’ युवाओं की सामूहिक शक्ति और देश के लोकतांत्रिक परिदृश्य को आकार देने में उनकी सक्रिय भागीदारी के महत्त्व को रेखांकित करता है। आइए, हम इस जिम्मेदारी को उठाने और अपनी सामूहिक आवाज की ताकत का उत्सव मनाने के लिए एकजुट हों।

**नीरज चोपड़ा**
**ओलंपिक पदक विजेता**

# कितने पूर्व सीएम सांसद बनेंगे



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 370 सीट जीतने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भाजपा इस बार पूरे देश में मजबूत नेताओं को चुनाव लड़ा रही है। प्रदेश की राजनीति में ही सक्रिय रहे नेताओं और पूर्व मुख्यमंत्रियों को लोकसभा की टिकट दी गई है। आमतौर पर पूर्व मुख्यमंत्री सांसद बनते हैं और उनकी पार्टी की केंद्र में सरकार बनती है तो वे मंत्री भी बनते हैं।

बहरहाल, भाजपा ने अभी तक 267 उम्मीदवारों की घोषणा की है, जिसमें उसने आधा दर्जन पूर्व मुख्यमंत्रियों को मैदान में उतारा है। हालांकि दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की टिकट भी कटी है लेकिन उनके बारे में पहले से अंदाजा था।



उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री डीवी सदानंद गौड़ा को इस बार टिकट नहीं मिली है।

पिछली बार चुनाव जीते पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को फिर से झारखंड से टिकट दी गई है। हालांकि पिछली बार वे बहुत मामूली अंतर से चुनाव जीते थे। असम के पूर्व मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल राज्यसभा सांसद हैं। इस बार पार्टी ने उनको लोकसभा चुनाव में उतारा है। ये दोनों पूर्व मुख्यमंत्री केंद्र सरकार में मंत्री हैं। इनके अलावा पांच और पूर्व मुख्यमंत्रियों को टिकट दी गई है। राज्यसभा सांसद और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब को पार्टी ने टिकट दिया है।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस बार चुनाव लड़ रहे हैं तो हरियाणा के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के दो दिन बाद ही मनोहर लाल खट्टर के नाम का भी ऐलान हो गया। उधर कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को भी पार्टी ने चुनाव में उतारा है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहे त्रिवेंद्र सिंह रावत को भी इस बार लोकसभा की टिकट मिली है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026, 7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़






## खास खबर

### लायंस क्लब ने सदस्यता विस्तार व कई विषयों पर लिये निर्णय

**कोरबा।** जोन-2 के जोन चेयरमेन लायन एस. के. अग्रवाल कोरबा की द्वितीय जोन स्टाफमीट लायंस क्लब ऑफकोरबा की आतिथेय में सपन्न हुई। लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के जोन 02 रीजन डेजी के जोन चेयरमेन लायन एस. के. अग्रवाल ने जोन स्टाफमीट लायंस स्कूल टी.पी. नगर कोरबा में आयोजित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोन चेयरमेन लायनएस.के. अग्रवाल जी ने की। मुख्य अतिथि एमजेएफ लायन विजय अग्रवाल द्वितीय वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, विशिष्ट अतिथि एमजेएफलायन जयप्रकाश अग्रवाल पूर्व प्रांतपाल व पूर्व मल्टीपल काउसिन चेयरपर्सन एवं लायन पवन भ्रार्मा जी रीजन चेयरमेन रीजन डेजी उपस्थित रहे। आयोजक लायंस क्लब ऑफकोरबा एवं कार्यक्रम का संचालन लायन संतोश खरे ने किया। जोन मीट में लांयस क्लब ऑफकोरबा, लायंस क्लब बालको एवं लांयस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी क्लबों से आये सदस्यों ने जोन चेयरमेन को अब तक किये गये सेवा एवं प्रशासनिक कार्यों से अवगत करवाया। जोन चेयरमेन लायन एस.के. अग्रवाल ने सभी की रिपोर्टिंग पर समीक्षा करते हुए एमजेएफ नये क्लब विस्तार एवं सदस्य संख्या वृद्धी कर डि. के लक्ष्य पूर्ण करने के सहयोग पर आग्रह किया एवं आगामी योजनाओं पर उनको प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि एमजेएफलायन विजय अग्रवाल ने एवं विशिष्ट अतिथि एमजेएफ जयप्रकाश अग्रवाल व पवन भार्मा जी ने लायनवाद के प्रोटोकाल के साथ सेवा कार्यों को करने का मार्गदर्शन दिया। क्लबो के सेवा एवं प्रशासनिक कार्यों की सराहना करते हुए जोन स्टाफमीट की प्रशंसा की।

### जिस गांव में देवी नहीं वह गांव-गांव ही नहीं: आचार्य कृष्ण कुमार तिवारी

**जगदलपुर।** जिस गांव में देवी नहीं, वह गांव तो गांव ही नहीं है। इस बात को बस्ती के सियान अच्छी तरह से समझते हैं। इसीलिए हर गांव में शीतला माता मंदिर है। बस्तर वाले इसे मातागुड़ी कहते हैं। माता ही जग कल्याणी है। जिसे हम षोडश मातृका के नाम से जानते हैं तथा अलग-अलग नाम से पूजते हैं। यह 16 देवी ही परम श्रेष्ठ हैं। उक्त बातें मां दंतेश्वरी मंदिर में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के तीसरे दिन महामाया धाम पाटन से पधारे आचार्य कृष्णकुमार तिवारी ने कही। देवी भागवत कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और उनकी बहन योगमाया का प्राकट्य उत्सव मनाया गया। इसके साथ ही नगर में मां चंद्रघंटा की पालकी बड़े हर्ष और उल्लास के साथ निकाली गई। जिला पत्रकार संघ बस्तर द्वारा मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण आयोजित है। अनुष्ठान के तीसरे दिन भगवान राम, कृष्ण, योगमाया अवतार के साथ ही मानव सृष्टि की उत्पत्ति की कथा सुनाई गई। कथा वाचन करते हुए आचार्य ने बताया कि भगवान विष्णु की प्रेरणास्त्रोत ही पराशक्ति देवी हैं। ब्रह्मांड में कई पृथ्वी हैं। जिनका का संचालन भी पराशक्ति देवी द्वारा प्रकट किए गए ब्रह्मा, विष्णु और महेश करते आ रहे हैं। पराशक्ति देवी ने ही उन्हें सरस्वती, लक्ष्मी और गौरी प्रदान की। उन्होंने बताया कि धर्म की पत्नी श्रद्धा, मित्र, दया, शांति आदि हैं। इसलिए धर्म के प्रति श्रद्धा, मित्रता, दया और शांति भाव प्रसाद ग्रहण करना चाहिए। पं. तिवारी ने कथा वाचन करते हुए बताया कि ब्रह्मा ने अपने छोटे पुत्र का नाम दक्ष रखा था। दक्ष का मतलब होता है अंगूठा और आज इंसान का अंगूठा हर कार्य में उपयोगी साबित हो रहा है। कहने का अर्थ यह है कि हमारे पौराणिक नामों का सदियों से अपना अलग वैज्ञानिक आधार है। जिसे नई पीढ़ी को समझने की आवश्यकता है।

# भाजपा केवल राजनीतिक पार्टी नहीं बल्कि एक परिवार है : बृजमोहन अग्रवाल

### मंत्री अग्रवाल की उपस्थित में पार्षद समेत दर्जनों कांग्रेसी भाजपा में शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक पार्टी नहीं बल्कि एक परिवार है, जहाँ हर छोटे बड़े सदस्य की अपनी जिम्मेदारियां हैं और वो पूरी लगन और ईमानदारी से इसे निभाते हैं। यहां हर एक कार्यकर्ता की अहम भूमिका है। वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल रविवार को भाटापारा और बलौदा बाजार में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंच कर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान पार्षद समेत कई कांग्रेसियों ने भाजपा की सदस्यता भी ली।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा एक राजनीतिक दल होने के साथ-साथ एक परिवार भी है। यहाँ सभी सदस्य एक दूसरे के साथ मिलकर काम करते हैं और पार्टी के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयास करते हैं। कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का ही नतीजा रहा कि, उन्हे रायपुर दक्षिण में पूरे छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ी और ऐतिहासिक जीत मिली। इस जीत का सही हकदार पार्टी कार्यकर्ता है जिन्होंने दिन रात मेहनत की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि, जैसे विधानसभा चुनाव में रायपुर दक्षिण की जनता ने उन्हें प्रचंड बहुमत देकर ऐतिहासिक जीत दर्ज कराई है। ऐसे ही इस बार लोकसभा चुनाव में रायपुर में प्रदर्शन को दोहराना है और पूरे देश में रिकॉर्ड मतों से विजय दर्ज करनी है और पूरे देश में रायपुर का डंका बजाना है। जिसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरी तैयारी के साथ जनता के बीच जाना होगा।

मंत्री अग्रवाल ने यह भी कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के हर धर्म और वर्ग के लोगों को मिला है। उसमें मोदी ने कोई भेदभाव नहीं किया। छत्तीसगढ़ में कोई भी परिवार ऐसा नहीं है। जिसको किसी न किसी योजना का लाभ नहीं मिला। इसीलिए कार्यकर्ताओं को हर एक परिवार से मिलना चाहिए और छत्तीसगढ़ के साथ ही देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए भाजपा को एक बार फिर वोट देने की अपील करनी चाहिए ।

उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार हुआ कि, महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बनाने के लिए मोदी ने उनको 1000 रुपए प्रति देना शुरू भी कर दिया। भाजपा के शासनकाल में महिलाओं को पूरी सुरक्षा भी मिल रही है।

किसानों को किसानों को धान के उचित दाम के साथ-साथ प्रति एकड़ 20000 रुपए का बोनस भी मिला है। मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन में राज्य के हर एक वर्ग गरीब, महिला, युवा किसान सभी का ख्याल रखा गया है। इसलिए छत्तीसगढ़ और देश के उज्जवल भविष्य के लिए एक बार फिर से मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से गांव गांव घर-घर जाकर लोगों से मिलने और उन्हें मोदी की योजनाओं की जानकारी लेने एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीतने के लिए वोट देने को कहें। सम्मेलन में कार्यक्रम में मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद सुनील सोनी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे, पूर्व विधायक भाटापारा व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिव रतन शर्मा, श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, पूर्व विधायक सनम जांगड़े, स्थानीय पार्टी नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर कई कांग्रेसी पार्षद जितेंद्र माली, अमितेश नेताम पूर्व पार्षद कन्हैया सेन, स्थानीय नेता मयंक पंजवानी, परवेज खान, कृष्ण वर्मा, ईश्वर वर्मा, कृष्णा टंडन, मनीष दुलानी, बुद्धि साहू, प्रसन्न दीवान, तरुण गुप्ता, रिद्धि पंजवानी समेत बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## होली में उड़ेगा लाल भाजी पालक भाजी और टेसू से बना हर्बल गुलाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोण्डागांव।** अंदरूनी इलाके की महिलाएं भी अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। महिलाएं आज हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत शीतला स्व सहायता समूह ग्राम पंचायत झाटीबन की महिला सदस्य हर्बल गुलाल का निर्माण कर रही हैं। इसका एक जीवंत उदाहरण कोण्डागांव जिले के फरसगांव ब्लॉक के ग्राम झाटीबन पँचायत में देखने को मिला।

कोण्डागांव जिले के फरसगांव ब्लॉक में सांसद के गोद ग्राम झाटीबन लिंगेश्वरी पारा की शीतला स्व सहायता समूह की महिलाएं हर्बल हरी पत्तेदार भाजियों, पलास के फूलों, गेंदा फूल, धवई फूल, चकुंदर, लाल भाजी, पालक भाजी, सिंदूर के बीज से हर्बल गुलाल बना रही हैं, जो अपने आप में एक उपलब्धि है। एक ओर जहां लोगों की जीवन शैली में रासायनिक चीजों का उपयोग बढ़ता ही जा रहा है, तो



वहीं दूसरी और समूह की महिलाएं हर्बल गुलाल बनाकर अपनी आजीविका चला रही हैं ।

बाजार में बहुत से ऐसे केमिकल युक्त रंग-गुलाल बिक रहे हैं। इन रंगों से त्वचा से संबंधित बीमारियां या इंफेक्शन होने का खतरा बना रहता है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी साबित हो सकते हैं। इसलिए त्वचा विशेषज्ञ होली पर केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग नहीं करने की सलाह भी देते हैं। इन महिलाओं को देखकर तो ऐसा लग रहा होगा कि ये किचन के लिए कोई सामान तैयार कर रही है, पर ऐसा नही है, जी हां सब्जियों को काटने पीसने की काम मे लगी ये बहने कोई पकवान के लिए नही बल्कि हर्बल गुलाल बना रही है, रंगों के लिए केमिकल के बजाए सब्जियों के कलर का इस्तेमाल कलर के लिए किया जा रहा है। शीतला स्व समूह से जुड़ी 11 महिलाएं पिछले 25 दिनों से रोजाना 5 घण्टे इसी काम में लगी हुई है, हर्बल गुलाल इस बार 07 क्विंटल गुलाल तैयार कर किया गया हैं, प्रति किलो 160 से 170 रुपये लागत आने वाली गुलाल को बाजार में 220 रुपये किलो में बेच रही है। फरसगांव जनपद पंचायत कार्यालय में एनआरएलएम की ओर से ब्लाक प्रोजेक्ट मैनेजर टिकेन्द्र हिरवानी ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र के प्रशिक्षण के द्वारा ग्राम झाटीबन के शीतला स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है और यह इन महिलाओं के द्वारा बनाया गया है। पहले यह सभी दीदी कृषि का कार्य करती थी लेकिन हमारी यह कोशिश है की दीदियों को इस तरह का काम देकर उन्हें आगे आये व स्वरोजगार से जुड़े, इनके द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल को लोगो द्वारा बहुत पसंद किया गया। क्योंकि आज कल के केमिकल के दौर में हर्बल चीजो का महत्व है।

## गर्ल्स हॉस्टल को तहसील कार्यालय बनाने का विरोध, अभाविप ने किया प्रदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

जगदलपुर। अभाविप बस्तर ने संभाग की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के भवनों और जमीन का दीगर कार्यों के लिए उपयोग किए जाने के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मोर्चा खोल दिया है।

इस मुद्दे को लेकर शनिवार को परिषद के कार्यकर्ताओं ने संभाग आयुक्त कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

बताया गया है कि अभाविप ने दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय के सामने स्थित कन्या छात्रावास को तहसील कार्यालय के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसका विरोध किया गया तथा वेटनरी पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जगदलपुर से लगी हुई पशु चिकित्सा विभाग की भूमि को महाविद्यालय की भावी योजनाओं के लिए महाविद्यालय को आवंटित करने की मांग की गई। विद्यार्थी परिषद बस्तर के कार्यकर्ताओं ने बस्तर संभाग में बीते कुछ समय से हो रही विभिन्न अनियमितताओं से अवगत कराने के उद्देश्य बस्तर संभाग आयुक्त कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

## सभी नोडल अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक करें निर्वहन - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्य के सुचारू संपादन हेतु नोडल अधिकारियों अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सभी नोडल अधिकारी सौंपे गए दायित्वों को गंभीरतापूर्वक करेंगे।

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत नाम निर्देशन, मतदाता सूची, मानवीय संसाधन की व्यवस्था पोस्टल बैलेट जैसे सभी महत्वपूर्ण कार्य समय पर हो जाना चाहिए। उन्होंने निर्वाचन के दौरान गर्भवती महिलाओं, दिव्यांग कर्मचारियों की ड्यूटी नहीं लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन के दौरान कोई भी अधिकारी-कर्मचारी अनावश्यक अवकाश नहीं लेंगे। निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य सजगता एवं सक्रियतापूर्वक करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के ठहरने की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। मतदान केन्द्रों में पेयजल, प्रकाश, छांव, रैम्प, साफ -सफ ाई, उपचार सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासकीय कार्यालय में शासकीय कैलेण्डर, ऑफिसियल वेबसाईट से जनप्रतिनधियों के फोटोग्राफ्स हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि आदर्श आचार संहिता



के दौरान सभी अधिकारी समन्वित तरीके से कार्य करेंगे। स्थैतिक निगरानी दल, उडनदस्ता दल, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन टीम के दल के कार्यों की लगातार मानिटरिंग करें। उन्होंने निर्वाचन सामग्री वितरण एवं मतदान दलों की रवानगी एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्य के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के लिए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के साथ ही संवदेनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन तथा सुरक्षाकर्मियों की नियुक्ति आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने वाहन की व्यवस्था ईटीपीबीएस संबंधित कार्य, वेबकास्टिंग, प्रशिक्षण, ईवीएम-वीवीपेट की उपलब्धता, सी-विजिल, मतदान सामग्री वितरण एवं मतदान दलों की वापसी, निर्वाचन के दौरान कंट्रोल रूम, चिकित्सकीय दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण, पेड न्यूज, मीडिया सेल के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतदान दलों के लिए रूट चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए, मतदान दलों को सामग्री वितरण एवं मतदान दलों की वापसी एवं नाश्ता व भोजन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान डीजे प्रतिबंधित रहेगा। प्रचार-प्रसार करने के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र, रैली, आमसभा को अनुमति एक महत्वपूर्ण कार्य होगा, इसे समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मार्कण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, आयुक्त नगर पालिक निगम अभिषेक गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## खनिज नगरी दल्लीराजहरा में हुआ हिंदी कार्यशाला का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दल्लीराजहरा।** आयरन ओर कॉम्प्लेक्स, खनिज नगरी राजहरा के एम.वी.टी. सेन्टर में 15 मार्च को अरुण कुमार, महाप्रबंधक (महामाया एवं दुलकी) के मुख्य आतिथ्य में राजभाषा कार्यशाला एवं कवि- गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सी.श्रीकांत महाप्रबंधक (राजहरा खदान), विपिन कुमार, महाप्रबंधक (मेन्टेनेन्स एण्ड सर्विसेस), पंकज कुमार, उप महाप्रबंधक (दल्ली यन्त्रीकृत खदान), सत्येन्द्र कुमार, उप महाप्रबंधक (प्रशिक्षण एवं सुरक्षा) एवं मनीष जायसवाल, उप महाप्रबंधक (दुलकी खदान) उपस्थित थे।

कार्यशाला में सर्वप्रथम शमशाद रज़ा, उप महाप्रबंधक (भूगर्भ शास्त्र) एवं विभागीय समन्वय अधिकारी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि, राजहरा लौह अयस्क खदान समूह द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रचार- प्रसार के लिए निरंतर प्रयास



किए जा रहे हैं। राजहरा में समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं साहित्यिक आयोजन किए जाते हैं। हिंदी में कार्यालयीन कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों को लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है द्य यही कारण है कि राजहरा खदान को हिंदी के क्षेत्र में सराहनीय प्रदर्शन के लिए कई वर्षों से लगातार प्रतिष्ठित निदेशक प्रभारी राजभाषा वैजयंती पुरस्कार मिला है।

जितेन्द्र दास मानिकपुरी उप प्रबंधक (संपर्क व प्रशासन राजभाषा) ने गूगल आनलाइन वाइस टाइपिंग का सजीव प्रदर्शन कर आनलाइन नोटशीट प्रणाली 'सैप' में हिंदी में नोटशीट बनाने के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। राजभाषा अधिनियम, नियमों एवं सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी और सामान्य ज्ञान, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण एवं वित्तीय शब्दावली पर केन्द्रित प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसके विजेता इस प्रकार रहे द्य प्रथम कपिल नायडू वरिष्ठ प्रबंधक (कलवर खदान), ?द्वितीय विनीत कुमार सिन्हा, सहायक महाप्रबंधक (संविदा प्रकोष्ठ), तृतीय सोमित दत्ता, उप प्रबंधक (मेन्टेनेन्स एण्ड सर्विसेस)। प्रोत्साहन पुरस्कार अमित कुमार सिन्हा उप महाप्रबंधक (सुरक्षा) , मनीष बसंत लाल, माइनिंग फोरमेन तथा घनश्याम पारकर, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी।

मुख्य अतिथि अरुण कुमार ने अपने उ?द्बोधन में हिंदी को समय की मांग और अत्यंत ही उपयोगी बताया और कहा कि, हिंदी में कार्यालयीन कामकाज राष्ट्र की प्रगति तथा आम व्यक्ति की उन्नति के लिए अत्यंत ही लाभकारी है। वाइस टाइपिंग के विषय में उन्होंने कहा कि, अब हिंदी में टाइपिंग करना केवल बातचीत करने जितना आसान हो गया है। हम सभी हिंदी में यथासंभव और अधिकाधिक कार्य करने का प्रयास करें। ताकि हिंदी में कार्यालयीन कार्य करना कोई भी व्यक्ति कठिन ना समझें।

कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री अमित कुमार सिन्हा, उप महाप्रबंधक (सुरक्षा) ने किया। इस संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन शमशाद रज़ा, उप महाप्रबंधक (भूगर्भ शास्त्र) एवं विभागीय समन्वय अधिकारी तथा उनके सहयोगियों नागेश जैन, सीनियर टेक्नीशियन, शीतल प्रसाद, सीनियर टेक्नीशियन एवं एम. कुमार मास्टर टेक्नीशियन ने किया।

कार्यशाला में श्री रजत बनर्जी, सहायक महाप्रबंधक श्री सौरभ कुमार, सहायक महाप्रबंधक, श्री परिमल बिस्वास, प्रबंधक, श्री राजकुमार उमरे, उप प्रबंधक, श्वेतांगिनी पण्डा, सहायक प्रबंधक, लिप्सामयी शंखुआ, सहायक प्रबंधक, श्री आनंद कुमार, कनिष्ठ अधिकारी, श्री चिदंबर राव, कनिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित थे। आयोजन से हिंदी के प्रति एक सकारात्मक वातावरण बनेगा, जो कार्मिकों को हिंदी में कार्य करने को सतत प्रोत्साहित करेगा।




## खास खबर...

### गाड़ा समाज के 200 लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

**रायपुर ( ए. )।** कोरबा की लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडे की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. किरण बघेल ने कोरबा में गाड़ा समाज के 200 लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने कहा कि भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर लोग लगातार भाजपा की सदस्यता ले रहे। आज प्रदेश की जनता समझ चुकी है कि उनका हित केवल भाजपा की सरकार कर सकती है। इसलिये लोगों का मोह कांग्रेस से भंग हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है उसे करती है। आज देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है और केंद्र सरकार एवं राज्य की भाजपा सरकार जनता के लिए कार्य करती है।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. किरण बघेल ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी ने कोई रहना नहीं चाहता है। इस दौरान संतोष गांधी, आनंद मोहन गांधी, मोहनलाल साजन, शत्रुघ्न लाल, बालकृष्ण प्रधान, लाल ईश्वर बघेल, अशोक रामलाल, लकराम चौहान, सत्यनारायण चौहान, गोरेलाल चौहान, बंधन चौहान, शांतिलाल चौहान, रवि कुमार चौहान, अश्वेंद्र चौहान, सहित 200 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली।

### आचार संहिता: एक्शन मोड में रायपुर पुलिस



**रायपुर।** लोक सभा चुनाव के तारीखों का एलान होते ही आचार सहिता लागू हो गई है। आचार सहिता लागू होते ही रायपुर पुलिस भी एक्शन मोड में आ गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर डॉ. अनुराग झा द्वारा तत्काल यातायात रायपुर में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर आचार सहिता का पालन कराने हेतु अनाधिकृत वाहनों में लगे पदनाम पट्टिका, सायरन-हुटर व ब्लैक फिल्म को उतरवाने का आदेश दे दिया है। इसके पालन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर गुरजीत सिंह और सुशान्तों बनर्जी के मार्गदर्शन में यातायात रायुपर के अधिकारी-कर्मचारियों ने शहर के प्रमुख मार्गो एवं चौक-चौराहों पर बेरिकेटिंग कर चेकिंग प्वाइंट लगाकर वाहनों से पदनाम पट्टिका, सायरन हुटर व ब्लैक फिल्म निकलवाने की कार्यवाही शुरू कर दी है।

---

कार्यकर्ताओं के बल पर जीतेंगे छत्तीसगढ़ की 11 की 11 लोकसभा सीटें-संजय , चुनावी आयोजनों और बैठकों का नेतृत्व कर कार्यकर्ताओ में भरा जोश

# हर कार्यकर्ता मिलकर लोकसभा में कीर्तिमान स्थापित करेगा: बृजमोहन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के पश्चात राजनीतिक गलियारों में सरगर्मियां तेज होती नजर आ रही है लगातार बैठकों, सम्मेलनों और सभाओं का दौर शुरू हो चुका है भारतीय जनता पार्टी भी लोकसभा चुनाव को लेकर काफी गंभीर है भाजपा कार्यालय में लगातार बैठकें हो रही है विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठों को दायित्वों का आबंटन किया जा रहा है वरिष्ठ भाजपा नेता लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल लगातार चुनावी आयोजनों और बैठकों का नेतृत्व कर कार्यकर्ताओ में जोश भर रहे हैं राजनीति में निरंतर सक्रिय रहने वाले बृजमोहन लोकसभा चुनाव को लेकर काफी गंभीर है और एक बड़ा कीर्तिमान स्थापित करने का लक्ष्य लेकर चुनावी मैदान में है इसी कड़ी में आज रायपुर लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से रायपुर शहर और रायपुर ग्रामीण भाजपा संयुक्त प्रकोष्ठ की बैठक एकात्म परिसर रायपुर में आयोजित की गई, रायपुर लोकसभा प्रत्याशी और कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने संयुक्त प्रकोष्ठ के सभी कार्यकर्ताओ का मार्गदर्शन करते हुए कहा की हम सभी भाजपा कार्यकर्ता एक ही लक्ष्य की प्राप्ति के लिए तत्पर हैं तीसरी बार मोदी सरकार और वो 400 पार लेकिन हम सभी को एकजुट होकर रायपुर लोकसभा से सबसे बड़ी जीत दर्ज करने का कीर्तिमान स्थापित करने के लिए मेहनत करना है उन्होंने




कार्यकर्ताओं से कहा आप सभी के अनुसार रायपुर लोकसभा अबकी बार कितने पार का जवाब देते हुए कार्यकर्ताओ ने कहा अबकी बार रायपुर लोकसभा 8 लाख पार।

प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा की प्रदेश महामंत्री होने के नाते प्रदेश के कोने कोने तक जाने का अवसर मिल रहा है और आप जैसे सभी कार्यकर्ताओं के बल पर मैं यह दावे के साथ कह सकता हूं की हम छत्तीसगढ़ से ग्यारह की ग्यारह लोकसभा सीटों पर बड़ी मार्जिन के साथ जीतने जा रहे हैं प्रदेश में भाजपा के प्रति और नरेंद्र मोदी की योजनाओं के प्रति जो विश्वास है वह अब मतदान के रूप में भाजपा प्रत्याशियों को मिलने वाला है मोदी की गारेंटी लोगो के लिए अब गारेंटी पूरी होने की गारेंटी बन चुकी है ।

रायपुर लोकसभा के सह संयोजक अशोक बजाज ने रायपुर शहर जिला और ग्रामीण के संयुक्त प्रकोष्ठ को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी हर कार्यकर्ता को लोकसभा चुनाव तक अपने दायित्व का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करने का वादा लेते हुए उन्होंने कहा की आपको केंद्रीय दिशा निर्देशों के अनुसार दायित्व सौंपे गए हैं एवं लोकसभा चुनाव के संपन्न होने तक आप सभी को स्वयं प्रत्याशी बनकर कार्य करना है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य की भाजपा सरकार मतलब डबल इंजन की सरकार ने लोगो में विश्वास जगाया है की यही सरकार है जो उनके जीवन स्तर में सुधार लायेगी और हम सभी को इस विश्वास पर खरा उतरना है उन्होंने योजनाओं का उदाहरण देते हुए किसानों को मिल रहे बोनस का जिक्र करते हुए कहा की जिस तरह जानता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है किसानों को बोनस मिल रहा है उन्ही योजनाओं और बोनस को जनता भरपूर मतदान देकर मत बोनस के रूप में लौटाएगी।

जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आहूत बैठक में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी कार्यकर्ताओ को संबोधित किया एवं लोकसभा चुनाव में रायपुर उत्तर से बड़ी लीड दिलाने का वादा भी किया। इससे पूर्व जिला अध्यक्ष जयंती पटेल ने अपने स्वागत उद्बोधन कहा की रायपुर लोकसभा क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से भी काफी बड़ी है जिसके अंतर्गत कुल 9 विधानसभाएं आती है एवं लोकसभा मतदाताओं की बड़ी आबादी शहरी क्षेत्र में निवास करती है ऐसे में शहर जिला का दायित्व है की हमे अधिक से अधिक मत सभी विधानभाओं में हासिल कर ऐतिहासिक कीर्तिमान के लक्ष्य प्राप्त करने में अपना भरपूर योगदान देना है ।

---

# मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराएं-डॉ. गौरव सिंह

**कलेक्टर ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली, रायपुर लोकसभा के लिए मतदान 7 मई को**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने रायपुर लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा करने के साथ आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। सभी अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए दी गई जिम्मेदारियों को प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करना है। उन्होंने कहा है कि सभी कर्मी निष्पक्ष रहें और निष्पक्ष भाव से चुनाव कार्य संपादित करें। चुनाव की तैयारियों में पूरी तरह से जुट जाएं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार रायपुर संसदीय क्षेत्र में तीसरे चरण में चुनाव संपन्न होने है। अधिसूचना जारी होने



की तिथि 12 अप्रैल शुक्रवार, नामांकन की अंतिम तिथि 19 अप्रैल शुक्रवार है। नामांकन की संवीक्षा की तिथि 20 अप्रैल शनिवार, उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल सोमवार और मतदान की तिथि 7 मई मंगलवार है। मतगणना की तारीख 4 जून मंगलवार तय की गई है।

उन्होंने कहा कि सभी सहायक निर्वाचन अधिकारी अपने क्षेत्र में आने वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करें और वहां की स्थिति की जानकारी का प्रतिवेदन दे। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों में स्वच्छ पेयजल, महिला-पुरूष के लिए पृथक शौचालय, लाईट, पंखे, तथा दिव्यांगों के लिए रैंप इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

इस दौरान नगरीय निकायों में संबंधित जोन कमिश्नर से साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्था के लिए समन्वय स्थापित करें। जिन मतदान केन्द्रों में वेबकॉस्टिंग होनी है वहां पर बिजली सहित इंटरनेट का पुख्ता इंतजाम किया जाए। उन्होंने कहा कि नामांकन कलेक्टर न्यायालय कलेक्टोरेट रायपुर के कक्ष क्रमांक-2 में जमा किया जाएगा। इसके लिए निर्धारित नोडल आफिसर परिसर में बेरिकेटिंग तथा कक्ष के अंदर अन्य व्यवस्थाएं निर्धारित समय में पूर्ण करें। कलेक्टर ने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार इस बार 85 उम्र से अधिक और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजनों को मतदान की विशेष सुविधा दी जाएगी। इसके लिए विशेष टीम गठित कर उनसे विकल्प लिया जाएगा। उनकी इच्छा अनुसार होम वोटिंग या मतदान केन्द्रों में उन्हें विशेष सुविधा दी जाएगी। इसके लिए प्रारंभिक तैयारी शुरू कर दी जाए और ताकि ऐसे मतदाताओं को किसी प्रकार की तकलीफ न हो। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करें। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

---

## सूचना आयोग में 2 आयुक्तों की नियुक्ति

**रायपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में 2 आयुक्तों को नियुक्ति की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेश के अनुसार सेवानिवृत्त आईएएस नरेंद्र कुमार शुक्ला और रायपुर के आलोक चंद्रवंशी को आयोग में आयुक्त के पद पर नियुक्ति की गई है। शुक्ला मई 2020 में सेवानिवत्त हुए थे। संघ की पृष्ठभूमि से आने वाले शुक्ला बालोद के कलेक्टर रह चुके हैं। इस नियुक्ति के साथ प्रदेश सूचना आयोग में 4 आयुक्त हो गए हैं।




सरकार की तरफसे दोनों सूचना आयुक्तों की नियुक्ति आनन- फानन में की गई है। वजह यह है कि आयोग में 2 पद पहले से खाली हैं। वहीं, मौजूदा दोनों सूचना आयुक्तों का कार्यकाल इसी महीने खत्म हो रहा है। अभी आचार संहिता लागू है। ऐसे में सरकार जून तक नई नियुक्ति नहीं कर पाती। इसी वजह से आचार संहिता लगू होने से पहले ही इन दोनों आयुक्तों की नियुक्ति कर दी गई है।

राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और आयुक्त का पद लंबे समय से खाली है। राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त रहे सेवानिवृत्त आईएएस एमके राउत 2022 में आयोग से विदा हो गए थे।

इसी तरह आयोग में आयुक्त रहे सेवानिवृत्त आईएएस अशोक अग्रवाल भी नवंबर 2022 में ही सेवानिवृत्त हो गए थे। तब से दोनों पद खाली है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने दोनों पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किया था, लेकिन नियुक्ति नहीं हो पाई। छत्तीसगढ़ सूचना आयोग में सूचना आयुक्त के दो और पद खाली होने वाले हैं। आयोग में अभी 2 ही आयुक्त है। इनमें मनोज त्रिवेदी और धर्मेंद्र जायसवाल शामिल है। दोनों का कार्यकाल इसी महीने खत्म हो जाएगा। रिक्त हो रहे इन दोनों पदों पर भी नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है।

---

# निगम कमिश्नर ने किया तेलीबांधा मार्ग में बीटी कार्य का निरीक्षण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने अंबेडकर चौक से तेलीबांधा मुख्य मार्ग में हो रहे डामरीकरण का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित इंजीनियर और कार्य एजेंसी से कहा है कि शेष बचे बीटी कार्य भी तेज़ी से पूरे किए जायें ।

निरीक्षण के दौरान मिश्रा ने पूरे हो चुके कार्य की गुणवत्ता को भी परखा। नगर निगम द्वारा तेलीबांधा से अंबेडकर चौक तक इस समय डामरीकरण किया जा रहा है । इसमें एक दिशा में बी टी कार्य पूरा भी कर लिया गया और दूसरी दिशा में कार्य प्रगति पर है। मिश्रा ने प्रगतिरत कार्य भी तेज़ी से पूरा करने के निर्देश दिये है। निरीक्षण के दौरान इजीनियर संजय वर्मा सहित कार्य एजेंसी उपस्थित रही।

---

**बड़ा मंदिर में सिद्ध चक्र महामंडल विधान व विश्वशांति महायज्ञ का शुभारंभ**

# जीवन के सभी पाप, ताप और संताप को करता है नष्ट-ब्रम्हचारी विजय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मालवीय रोड स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में शाश्वत अष्टान्हिक महापर्व मे सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ का शुभारंभ रविवार को धार्मिक विधि विधान के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले विजय गुणायतन ने कराया। जिसमे बड़ी संख्या में समाज के धर्म प्रेमी बंधुओं ने भाग लिया।

ब्रम्हचारी विजय गुणायतन ने बताया कि इस सिद्धचक्र महामंडल विधान विश्वशांति महायज्ञ दिव्य शक्तियां प्रगट होती हैं यह विधान सभी विधान का राजा है। इसमें सभी विधान शामिल हैं। यह एक ऐसा अनुष्ठान है जो हमारी जीवन के सभी पाप, ताप और संताप को नष्ट कर देता है। सिद्ध शब्द का अर्थ है कृत्य-कृत्य, चक्र का अर्थ समूह और मंडल का अर्थ एक प्रकार के वृत्ताकार यंत्र से है। जिसमें कई प्रकार के मंत्र व बीजाक्षरों की स्थापना की जाती है। मंत्र शास्त्र के अनुसार इसमें अनेक प्रकार की दिव्य शक्तियां प्रकट हो जाती है। सिद्ध चक्र मंडल विधान सभी सिद्ध समूह की आराधना मंडल की साक्षी में की जाती है, जो हमारे सभी मनोरथों को पूरा करता है।



बड़े मंदिर की ट्रस्ट कमेटी व कार्यकारिणी के ट्रस्टी संजय जैन सतना एवं सचिव राजेश रज्जन जैन ने बताया की उक्त विधान प्रारंभ होने के पूर्व मंदिर से ही घट (कलश) यात्रा बाजे गाजे के साथ सुबह 7 बजे निकाली गई जिसमे सभी श्रावक भक्ति में झूमते हुए खुशियां मनाते हुए शामिल हुए। घट यात्रा समापन के बाद श्रीजी का अभिषेक एवं रिद्धि सिद्धि सुख शांति प्रदाता शांति धारा स्वर्ण कलशों से को गई जिसे करने का सौभाग्य योगेंद्र जैन गुरुकृपा परिवार एवं राकेश कुमार राजेश रज्जन जैन को प्राप्त हुआ। आज के विधान में नंदीश्वर दीप पूजन के बाद कुल 8 अर्घ्य चढ़ाए गए, साथ ही प्रमुख पात्रों का चयन भी किया गया जिसमे महासती मैना सुंदरी बनने का सौभाग्य महेंद्र कुमार,सनत कुमार ,अनिल कुमार ,रोमिल जैन चूड़ी वाला परिवार को प्राप्त हुआ। सौधर्म इंद्र श्रेयश बालू जैन रुचि जैन,कुबेर इंद्र योगेंद्र कुमार नरेंद्र कुमार जैन गुरुकृपा परिवार ,महायज्ञ नायक संजय दीप्ति जैन प्रेमी परिवार,यज्ञ नायक भरत जैन, ईशान इंद्र लोकेश चंद्रकांत जैन, सनत इंद्र, मीठालाल जैन, माहेंद्र इंद्र, नीरज जैन, महामंडलेश्वर पुष्पेंद्र जैन, रजनीश जैन, संजय सरिता जैन ,प्रणीत जैन मंडल निर्माण पुण्यार्जक विजय कुमार अजय कुमार संजय नायक परिवार, सिद्ध चक्र यंत्र पुण्यर्जक अनिल जैन बिलासपुर, प्रभात शालिनी जैन तथा धर्म ध्वजारोहण करने का सौभाग्य ड्रॉक्टर अनिता जैन समस्त गोयल परिवार को प्राप्त हुआ। विधान पश्चात विधान में भाग लेने वाले समस्त इंद्र इंद्राणी साधार्मिक बंधुओ के लिए भोजन की व्यवस्था पुण्यार्ज परिवार नरेंद्र कुमार जैन श्रीमती अरुणा जैन गुरुकृपा परिवार द्वारा रखी गई।

### विद्युत उपकेन्द्र, उपपंजीयक भवन, छात्रावास का लोकार्पण

**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद स्कूल तिल्दा-नेवरा में लोकार्पण और शिलान्यास समारोह हुआ। मुख्य अतिथि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सांसद सुनील सोनी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु डहरिया, भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण महामंत्री अनिल अग्रवाल, भाजपा तिल्दा शहर मंडल अध्यक्ष ईश्वर यदु, पार्षद वार्ड 22 देवदास टंडन मौजूद थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री टंकराम वर्मा ने की। समारोह में तिल्दा वार्ड 22 में आयुष्यमान आरोग्य मंदिर हमर क्लिनिक का लोकार्पण, स्वामी आत्मानंद स्कूल नेवरा में प्रार्थना शेड का शिलान्यास, हाई स्कूल ससाहोली में प्रार्थना शेड का शिलान्यास, बीएनबी शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में प्रार्थना शेड का शिलान्यास किया गया। वहीं ग्राम कोटा में 247 लाख से 33 किलो वाट के बिजली उपकेंद्र का लोकार्पण किया। उप पंजीयक भवन तिल्दा का लोकार्पण किया।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर

भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333


आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com



BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# जानवरों से प्रेम करते हैं तो हो जाइए सावधान, तेजी से फैल रहा यह वायरस

इन दिनों तेजी से कुत्तों में पार्वो वायरस के लक्षण पाए जाने लगे हैं। इस वायरस के कारण डॉग लवर्स काफी परेशान दिख रहे हैं। वहीं इस वायरस को लेकर डॉक्टरों ने सावधानी बरतने की बात कही है।

छत्तीसगढ़ में इन दिनों पार्वो वायरस की चर्चा हो रही है। पार्वो वायरस जो कि कुत्तों में ज्यादा से ज्यादा देखा जा रहा है। इससे जुड़े मामले सिर्फ धमतरी जिले में 40 से ज्यादा है। इस वायरस से कुत्तों में पेट से संबंधित समस्याएं देखी जा रही है। डॉक्टरों का मानना है कि कुत्तों की इस बिमारी का इलाज भी लगातार किया जा रहा है। माना जा रहा है कि लगातार मौसम में उतार चढ़ाव के कारण यह वायरस फैल रहा है।

इन दिनों धमतरी जिले के कुत्तों में पार्वो वायरस का खतरा मंडराने लगा है। इस वायरस से जिले में रोजाना दर्जनों केस सामने आ रहे हैं। पशु चिकित्सालय में इस वायरस के खतरे से बीमार हुए कुत्तों का इलाज भी किया जा रहा है। इस वायरस को लकेर डॉक्टरों ने पशुपालकों को सलाह देते हुए कहा है कि समय-समय पर वैक्सीन लगवातें रहे। जिससे कि आपका जानवर बीमारी की चपेट में नहीं आएगा।



## आखिर कुत्ते क्यों हो रहे सबसे ज्यादा परेशान, इन नस्ल के कुत्ते प्रभावित

लगातार फैल रहे वायरल को लेकर पशुचिकित्सकों का कहना है कि पार्वो या कैनाइन पार्वो वायरस कुत्तों को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहा है। यह संक्रमण सबसे ज्यादा 6 से 20 सप्ताह के पिल्लों पर देखने को मिल रहा है। कुत्तों की जिस नस्ल पर इस वायरस का प्रभाव सबसे अधिक देखने को मिल रहा है उनमें रॉटवीलर, पिटबुल, लैब्राडोर रिट्रीवर, डॉबरमैन पिंसर, जर्मन शेफर्ड, इंग्लिश स्प्रिंगर स्पैनियल्स और अलास्का स्लेज शामिल है। लेकिन इस वायरस से बड़े कुत्तों भी परेशान है, उनके पेट से संबंधित बिमारियां भी देखने को मिल रही है। इसमें यदि दुर्लभ मामलों की बात की जाए, तो पार्वो वायरस कुत्तों के दिल में भी प्रभावित कर सकता है।

## क्या है लक्षण और इसके उपाय

जानवरों और मुख्य रूप से कुत्तों को चपेट में लेने वाले इस वायरस की बात करें तो इस बीमारी के कई तरह के लक्षण डॉक्टरों ने बताए हैं। इसमें खूनी दस्त, भूख न लगना, अचानक तेज बुखार आना, मतली, सुस्ती, अवसाद का होना शामिल है। डॉक्टरों का कहना है कि जिन भी जानवरों को इस तरह के लक्षण हो उन्हें पशु चिकित्सकों की सलाह पर समय पर वैक्सीन लगवाना जरूरी है।

# हिंदू एक्टरों ने प्यार में तोड़ी धर्म की दिवार

## बॉलीवुड के कई एक्ट्रेसों ने प्यार में पड़ के अपनाया इस्लाम धर्म

### कुछ ने तो मां- बाप के नाम ही बदल डालें

बॉलीवुड इंडस्ट्री के कुछ स्टार्स आम लोगों की जिंदगी से कई मायने में अलग हैं। धर्म और जाती देखे बिना स्टार्स अपनी शादी कर लेते हैं। इस वजह से उनको ट्रोलिंग का सामन भी करना पड़ता है। इसी तरह कई ऐसे बॉलीवुड स्टार्स हैं जिन्होंने धर्म की दिवार तोड़कर प्यार के खातिर क्या कुछ नहीं किया है, यहां तक की दूसरे धर्म को अपनाकर अपने बचपन का नाम भी बदल दिया है।



### हेमा मालिनी

बॉलीवुड के फेमस एक्टर धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की लव स्टोरी किसी मोहताज से काम नहीं है। हेमा मालिनी धर्मेंद्र के प्यार में पागल हो गई थीं। लेकिन धर्मेंद्र हिंदू थे और वह पहले से शादीशुदा थे इसलिए उनके लिए शादी करने का फैसला थोड़ा मुश्किल था। एक्टर की पहली पत्नी ने भी तलाक देने से साफमना कर दिया था। जिसके बाद धर्मेंद्र और हेमा मालिनी दोनों ने इस्लाम धर्म अपनाकर निकाह किया। रिपोट्र्स के मुताबिक धर्मेंद्र दिलावर खान बन गए और हेमा मालिनी का नाम आएशा रखा गया। कपल ने कभी भी नाम बदलने को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### आयशा टाकिया

बॉलीवुड की वांटेड एक्ट्रेस आयशा टाकिया भले ही बॉलीवुड से दूर हैं लेकिन एक वक्त था जब वह बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक थीं। आयशा हिंदू परिवार से ताल्लुक रखती हैं लेकिन उन्होंने प्यार की खातिर मुस्लिम धर्म अपना लिया है। एक्ट्रेस ने 2009 में अपने बॉयफ्रेंड फरहान आजमी से शादी कर इस्लाम धर्म कबूल था। यहां तक कि उनकी शादी भी मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी।



### शर्मिला टैगोर

60 से 70 दशक में शर्मिला टैगोल की गिनती बॉलीवुड की खूबसूरत और सुपरस्टार्स एक्ट्रेस में शुमार थी। वैसे तो एक्ट्रेस हिंदू परिवार से हैं लेकिन उन दिनों उनका दिल भारतीय क्रिकेट के सितारे नवाब मंसूर अली खान पटौदी पर आ गया था। एक्ट्रेस ने अपना प्यार पाने के लिए इस्लाम धर्म कबूल किया और मंसूर अली खान पटौदी से शादी की। इतना ही नहीं धर्म परिवर्तन के बाद शर्मिला का नाम बेगम आएशा सुल्ताना रखा गया था।



### ममता कुलकर्णी

90 की दशक की बेहतरीन एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी सुर्खियों में रहीं। वैसे तो उनका जन्म हिंदू परिवार में हुआ लेकिन अपने प्यार को पाने के लिए उन्होंने अपना धर्म छोड़कर मुस्लिम धर्म अपनाया। ममता कुलकर्णी पहले शादीशुदा थीं जिसकी वजह से वह दूसरी शादी नहीं कर सकती थीं। ऐसे में उन्होंने पहले इस्लाम धर्म कबूल किया और फिर ब्वॉयफ्रेंड विक्की कौशल से शादी की। विक्की कौशल स्मगलिंग के केस में फंस चुके थे और वह उस दौरान दुबई में सजा काट रहे थे। ब्राह्मण होने के बावजूद ये एक्ट्रेस मुस्लिम धर्म का करती हैं पालन, सामने आई बड़ी वजह



### राखी सावंत

बॉलीवुड की ड्रामा क्वीन राखी सावंत की पर्सनल लाइफ किसी से छिपी नहीं है। हाल ही में उन्होंने अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड आदिल दुर्रानी खान से शादी की थी। लेकिन, शादी करने से पहले राखी सावंत ने इस्लाम धर्म कबूल किया और वह राखी से फातिमा बन गई। हालांकि उनकी ये शादी ज्यादा नहीं चल पाई। अब राखी ने अपने पति से तालाक ले लिया है। आदिल दुर्रानी ने भी अपनी शादी बिग बॉस की एक्स कंटेस्टेंट से कर ली है।



### स्वरा भास्कर

बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने नेता फहाद अहमद से शादी रचाई है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर अपने शादी की जानकारी दी थी। हालांकि दोनों की शादी हिंदू और मुस्लिम दोनों रीति-रिवाज से हुई है। खबरों के मुताबिक, दोनों लंबे समय से एक दूसरे को डेट कर रहे थे।



### करीना कपूर खान

बॉलीवुड की बेबो करीना कपूर ने शर्मिला टैगोर के बेटे और एक्टर सैफ अली खान से 2012 में शादी कर ली थी। शादी से पहले करीना और सैफ ने एक दूसरे को 5 सालों तक डेट किया था। आज दोनों अपनी मैरिड लाइफ में खुश हैं और उनके 2 बेटे हैं। करीना ने इस शादी के लिए ना तो धर्म बदला और ना ही सात फेरे लिए। सैफ ने करीना के साथ रजिस्टर्ड मैरिज की थी। बता दें सैफ की पहली पत्नी और एक्ट्रेस अमृता सिंह एक सिक्ख परिवार से ताल्लुक रखती हैं।



### उर्मिला मातोंडकर

बॉलीवुड जगत में बचपन से अपने एक्टिंग और खूबसूरती से सबको दीवाना बनाने वाली एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर ने कश्मीरी मुस्लिम बिजनेसमैन और मॉडल मोहसिन अख्तर मीर से साल 2015 में शादी की थी। मोहसिन उर्मिला से 9 साल छोटे हैं। शादी करने के बाद उर्मिला को सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल होना पड़ा था।



# चिकने बर्तनों को साफ करने में अब नहीं लगेंगे घंटों

घर पर कोई भी छोटी-मोटी पार्टी या गेट-टुगेदर रखने के बाद रसोई की सफाई करना सबसे कठिन काम हो जाता है। मेहमानों के जाने के बाद ढेर सारे बर्तन सिंक में इकट्ठा मिलते हैं, लेकिन जो चीज़ इसे और भी कठिन बना देती है, वह है इन बर्तनों पर चिकना और तैलीय पन, जिसे साफ करने में घंटो लग जाते हैं। इन बर्तनों को साफ करना और सभी जिद्दी दागों से छुटकारा पाना भी जरूरी होता है क्योंकि अगर आप इन्हें अधिक समय तक छोड़ देंगे तो ये सख्त हो सकते हैं। हालांकि, अधिकांश लोग इन दागों से छुटकारा पाने के लिए स्टोर से खरीदे गए केमिकल क्लीनर का सहारा लेते हैं, ये क्लीनर कुछ मायनों में हानिकारक होते हैं और अगर बर्तनों पर लगे रह जाएं, तो खाने में प्रवेश कर सकते हैं।

## आइए जानते हैं कुछ आसान से टिप्स

1. चिकने बर्तनों को अच्छी मात्रा में नमक के साथ गर्म पानी में भिगोएं और इसे एक या दो घंटे के लिए रख दें। एक बार हो जाने पर, सारी चिकनाई को साफ़ करने के लिए एक स्क्रबर का इस्तेमाल करें। दाग-धब्बों से छुटकारा पाने के लिए आप नमक और रबिंग अल्कोहल के मिक्स्चर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।
2. चावल का पानी जिद्दी तेल के दाग को हटाने में बेहद प्रभावी है। चिकने बर्तनों को चावल के पानी के एक बड़े कटोरे में 30 मिनट के लिए भिगो दें। चिकनाई को पोंछने के लिए स्क्रब का इस्तेमाल करें। गरम पानी से धोएं और कपड़े से सुखा लें।
3. आप जानते हैं कि आपके नियमित खाना पकाने के तेल का इस्तेमाल तेल के दाग से छुटकारा पाने के लिए भी किया जा सकता है वनस्पति तेल को नींबू के रस, नमक और चीनी के साथ मिलाएं। इस मिश्रण को चिकने बर्तनों पर फैलाएं और कुछ देर बाद इसे रगड़कर हटा दें और गर्म पानी से धो लें।
4. नींबू एक प्राकृतिक ब्लीच है, जो चिकने बर्तनों को प्रभावी ढंग से साफ करने की क्षमता रखता है। बेकिंग सोडा के साथ मिलाने पर नींबू न सिर्फ अतिरिक्त तेल हटाता है बल्कि बर्तनों को चमकदार भी बनाता है।
5. सिरका, बेकिंग सोडा और कपड़े धोने का साबुन मिलाएं। अच्छी तरह से मिक्स करके इस घोल में नारियल के छिलके को भिगो दें। फिर बर्तनों को गर्म पानी में भिगोकर भीगे हुए नारियल के रेशों से अच्छी तरह रगड़ें। इससे जिद्दी दाग हटाने में मदद मिलेगी।

## पथरी को चूर-चूर कर बाहर निकाल देती हैं ये आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां

# किडनी की पथरी का दर्द सोने नहीं देता?

किडनी की पथरी का इलाज आयुर्वेद में भी मिलता है। कई ऐसी जड़ी-बूटियां हैं, जो पथरियों को तोड़कर शरीर से बाहर निकालने की क्षमता रखती हैं।




आपके आसपास ऐसे कई लोगों होंगे, जो किडनी की पथरी की समस्या से जूझ रहे होंगे। ऐसे में कई बार आपके मन में सवाल आता होगा कि आखिर किडनी में पथरी क्यों बनती है? हमारे शरीर में किडनी की पथरी तब बनती है जब कैल्शियम, ऑक्सालेट और यूरिक एसिड जैसे अपशिष्ट पदार्थ शरीर से बाहर नहीं निकल पाते और पथरी का रूप ले लेते हैं। ध्यान ने देने पर ये समय के साथ बड़ी होती चली जाती हैं और पेशाब के दौरान जलन, पेट में भीषण दर्द और पीठ के बीच शरीर के एक तरफदर्द, जैसी दिक्कतें शुरू हो जाती है। किडनी की पथरी के लिए बाजार में कई तरह की दवाएं और उपचार मौजूद हैं। आयुर्वेद में ऐसी कई जड़ी-बूटियां का उल्लेख मिलता हैं, जो पत्थरी को शरीर से बाहर निकाल सकती हैं।

### पत्थरचट्टा के पत्ते

आयुर्वेद में पत्थरचट्टा के पत्ते को लाभकारी माना जाता है। इसका उपयोग आयुर्वेदिक चिकित्सा में जड़ी-बूटी के रूप में किया जाता है। किडनी की पथरी के इलाज में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। इस जड़ी-बूटी में ऐसे औषधीय गुण होते हैं जो पथरी को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ कर मूत्र मार्ग से बाहर निकालने की क्षमता रखते हैं। पत्थरचट्टा को पाषाणभेद भी कहा जाता है।

### पुनर्नवा की जड़

आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी पुनर्नवा भी किडनी की पथरी निकालने में मददगार मानी जाती है। इसमें यूरिन का फ्लो बढ़ाने वाला खास गुण होता है, जिससे शरीर से जहरीले तत्व आसानी से बाहर निकलते हैं और किडनी अच्छी तरह काम करती है। हृदय से जुड़े कई प्रकार के रोगों से बचाए रखने के लिए भी पुनर्नवा का सेवन आपको सकारात्मक लाभ पहुंचा सकता है।

### अश्वगंधा की जड़ें

अश्वगंधा की जड़ें पथरी के दर्द को कम करने के लिए जानी जाती हैं। माना जाता है कि अगर अश्वगंधा की जड़ों के रस को आंवला के जूस के साथ मिलाकर पिया जाए तो किडनी टूट कर शरीर से बाहर निकालने के लिए मजबूर हो जाती है। इसके सेवन से मूत्राशय और मूत्र मार्ग में होने वाली जलन की समस्या भी कम हो जाती है और इंसान राहत की सांस लेता है।

# जिओं को टक्कर देने गौतम अडानी ला रहे नई कंपनी

## मिलेगी फ्री कॉलिंग और डेटा

गौतम अडानी इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। मुकेश अंबानी और गौतम अडानी को लेकर बहुत सारी खबरें चलती रहती हैं। अब एक नई खबर आई है कि गौतम अडानी बहुत जल्द अपनी सिम और स्मार्टफोन ला सकते हैं। इसको लेकर लोगों के मन में बहुत संशय है। साथ ही लोग पूछ भी रहे हैं कि आखिर इसकी सच्चाई क्या है? दरअसल गौतम अडानी और क्वालकॉम के सीईओ क्रिस्टियानो अमोन के बीच एक मुलाकात हुई है। अमोन अभी भारत आए हुए हैं। ऐसे में वह देश के बड़े उद्योगपतियों से मुलाकात कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने गौतम अडानी से मुलाकात की है। मुलाकात के तुरंत बाद अलग-अलग खबरें सामने आ रही हैं। एक मैसेज वायरल हो रहा है कि जियो को टक्कर देने के लिए गौतम अडानी नई टेलीकॉम कंपनी लेकर आने वाले हैं। इसके साथ स्मार्टफोन भी लॉन्च होंगे।

हालांकि अभी तक गौतम अडानी या क्वालकॉम की तरफ से इस पर कोई सफाई नहीं दी गई है। गौतम अडानी ने इस मीटिंग के बाद जानकारी शेयर की है। लेकिन इसमें कहीं पर भी ऐसा नहीं कहा गया है कि गौतम अडानी अपनी नई कंपनी लेकर आ रहे हैं। ऐसे में ये खबरें पूरी तरह अफवाह साबित होती हैं, जिसमें कहा गया है कि गौतम अडानी अपनी कंपनी लेकर आ रहे हैं। गौतम अडानी ने खरीदा था स्पेक्ट्रम-साल 2022 में हुई स्पेक्ट्रम नीलामी के दौरान गौतम अडानी ने कुछ 5जी स्पेक्ट्रम खरीदे थे। इसके अलावा अडानी की तरफ से अलग-अलग जगहों पर डेटा सेंटर बनाया जा रहा है। क्वालकॉम डिजाइनिंग और सेमीकंडक्टर मैनुफैक्चरिंग का बड़ा प्लेयर है। क्वालकॉम की तरफ से भी 14 मार्च को चेन्नई में नया डिजाइन सेंटर सेचअप करने की बात कही गई थी। यही वजह है कि इसको लेकर खबरें सामने आने लग गई थीं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### चुनाव के पहले एसपी ने किया औचक निरीक्षण

**बिलासपुर।** आपरेशन प्रहार के तहत बिलासपुर जिले में की गयी सघन जांच। अभियान के तहत रेलवे जंक्शन बिलासपुर, उसलापुर स्टेशन ,बिल्हा चकरभाठा स्टेशन, जयरामनगर गतौरा स्टेशन, की चेकिंग की गई। रेलवे स्टेशन और उसके आस पास बाहर से आकर डेरा लगा कर, बिना मुसाफिरी दर्ज करा रहने वाले 250 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियो को किया गया चेक। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा आगामी लोक सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर में बाहर से आकर डेरा लगाने वाले, होटल लॉज, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड मे संदिग्ध व्यक्यिो चेकिंग करने निर्देशित किया गया हैं जिसके परिपालन में शहर के प्रशिक्षु आई.पी.एस., राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारियो, एसीसीयू प्रभारी द्वारा मुख्य रेल्वे स्टेशन बिलासपुर, रेलवे स्टेशन उस्लापुर, रेल्वे स्टेशन जयराम नगर, रेल्वे स्टेशन गतौरा, रेल्वे स्टेशन बिल्हा, रेल्वे स्टेशन कोटा, तथा सभी थाना क्षेत्र के बस स्टैण्ड में बाहर से आकर डेरा लगाने वाले, बिना मुसाफिरी दर्ज कराए तथा संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग की गई। डेरा लगाने वालो, बिना मुसाफिर दर्ज कराए लोगो तथा होटल लॉज में बाहर से आकर रूके लोगो को चेक किया गया। चेकिंग में मध्य प्रदेश,महाराष्ट्र,उत्तर प्रदेश के व्यक्ति तथा मध्य प्रदेश के पारधी, कंजर समुदाय के लोग भी जिले में भ्रमण करते पाए गए। जो जिले में कभी भी चोरी लूट डकैती या अन्य अपराध कर ट्रेन से भाग सकते है थे। अत:संदिग्ध पाए गए लोगो के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली द्वारा 11 लोगो तथा थाना तोरवा द्वारा 09 लोगो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।

### तकनीशियन बनने के लिए आईटीआई कामगार दिलाएगें परीक्षा

**कोरबा।** विद्युत मंडल उतपादन में आईटीआई के आधार पर नौकरी कर रहे कामगारों को सहायक क्षेणी दो में पदोन्नत किया गया है। इसके लिए बिजली कर्मचारी महासंघ ने काफी प्रयास किया था। इसके बाद वें वितरण व अन्य क्षेत्रों में आईटीआई के आधार पर नौकरी कर रहे कामगारों को तकनीशियन बनाने का काम कर रहे थे। जिसमें उन्हें सफलता मिल रही है। तकनीशियन बनने के लिए उन्हें परीक्षा दिलानी होगी। तकनीशियन पद के लिए पूरे विद्युत मंडल में 376 लोगों को लिया जाएगा। बिजली कर्मचारी संघ के आर.एस. जायसवाल, नवरत्न बरेठ, डी वेकंट राव, अजय मिश्रा, मदन मोहन पाण्डेय केदार राठौर , हेत राम, संदीप राठौर, श्याम सुंदर खुटे आशीष शर्मा ने रायपुर जाकर काफी प्रयास किए थे। इसके लिए महसंघ ने अपनी पुरी ताकत लगा दी थी। इस सफलता के बाद बिजली कर्मचारी संघ के कद में ईजाफा हुआ है। इस संगठन में शामिल होने के लिए कामगारों की होढ़ लग गई है।

### आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए नये निर्माण कार्य शुरू करने पर प्रतिबंध

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में 16 मार्च 2024 से आदर्श आचरण संहिता लागू कर दी है। आदर्श आचरण संहिता 6 जून 2024 तक प्रभावशील रहेगी। कलेक्टर अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए निर्माण कार्य स्थगित रखने का आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया कि जिले में 16 मार्च से कोई भी ऐसा निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होगा।

## नारायण सेवा संस्थान का विशाल शिविर

# दिव्यांगों को शारीरिक और सामाजिक सशक्त बनाने संस्थान के प्रयास अनुकरणीय : विजय शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर के तत्वावधान में रविवार को दादाबाड़ी, रायपुर में आयोजित नि:शुल्क ऑपरेशन जांच-चयन और कृत्रिम अंग व केलिपर्स माप केम्प का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री विजय कुमार शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर दिव्यांगों, उनके परिजनों और रायपुर, के सम्मानित सदस्यों को अपने मुख्य आतिथ्य सम्बोधन में कहा संस्थान की सेवाएं नि:शुल्क ऑपरेशन आर्टिफिशियल लिम्ब लगाना, 5000 लोगों को रोज भोजन करना, गुरुकुल का संचालन, आर्थिक रूप से असमर्थ 600 मजदूरों के बच्चों के लिए नि:शुल्क नारायण चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल चलाना, सैकड़ो दिव्यांगों को स्वरोजगार के कंप्यूटर, मोबाइल, सिलाई, मेहंदी का प्रशिक्षण देना और उनका सामूहिक विवाह कर घर बसाने जैसे अनेक प्रकल्प जानकर बहुत प्रसन्नता है।**




नारायण सेवा संस्थान दिव्यांगों को शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक एवं बौद्धिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जो प्रयास और कार्य कर रही हैं यह अनुकरणीय है। मैं विश्वास दिलाता हूँ कि छत्तीसगढ़ के दिव्यागों के हितार्थ सेवा के कार्यों के लिए हर सम्भव मदद की जायेगी।मै संस्थापक कैलाश मानव व अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल का अभिनंदन करते हुए धन्यवाद करता हूँ।

प्रारम्भ में संस्थान पदाधिकारीयों ने मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री और मंचासीन विशिष्ट अतिथि सीताराम अग्रवाल, लोकेश चन्द्रकान्त जैन, विजय कांकरिया, अभय भंसाली, प्रेम शंकर गोटिया, संजय पारख, स्वामी राजेश्वरानन्द, दीपक अग्रवाल, कु. मीरा राव, ओम प्रकाश निगम, राजिन्द्र कुमार सीकरी, राजेन्द्र कुमार वर्मा और योगेश गुप्ता का महाराणा प्रताप की धारा मेवाड़ की परंपरा अनुसार अभिनंदन किया गया। संस्थान की 39 वर्षीय सेवाओं की जानकारी देते हुए आगामी 5 वर्ष का विजन प्रस्तुत किया।

इस शिविर में स्थानीय संगठन भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति 2024, श्री ऋषभदेव मन्दिर ट्रस्ट, दादाबाड़ी रायपुर, भारतीय जैन संगठना छत्तीसगढ़, श्री दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप रायपुर, जय आनन्द युवा संघ रायपुर, रायपुर केरला समाजम, आरोग्य हॉस्पिटल शंकरनगर रायपुर, राजश्री चायपत्ती, राजश्री इंटरप्राइजेज प्रा. लिमिटेड, श्री श्याम सेवाधारी महिला समिति,सत्यनारायण धर्मशाला ट्रस्ट रायपुर,महिला पतंजली योग समिति,छत्तीसगढ़ प्रान्तीय महिला अग्रवाल संगठन, श्री मानव सेवा संस्थान मंगल भवन रायपुर, छत्तीसगढ़ गोंड समाज कल्याण समिति, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहु संघ, अग्रवाल सभा रायपुर गुढ़ीयारी मोहल्ला समिति, छत्तीसगढ़ सर्व नाई समाज, मां खारुन गंगा महाआरती महादेव घाट जन सेवा समिति रायपुर, राणाजी वेलफेयर फाउंडेशन रायपुर, श्री मंगलमय, अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति छत्तीसगढ़, नवसृजन मंच छत्तीसगढ़, वसुधैव कुटुंबकम रायपुर, सार्थक क्रिएटिव ऑर्गनाइजेशन, छत्तीसगढ प्रदेश स्वास्थ्य नर्सिंग संगठन, स्पर्श एक कोशिश वेलफेयर फाउंडेशन एंड ट्रस्ट रायपुर, श्रीराम जी की सेना, ऊँ मण्डली शिवशक्ति अवतार सेवा संस्थान, मणिकार्णिका विंग आदि ने स्वयंसेवक के रूप में अपनी सेवाएं दी। शिविर में रायपुर के 150 से अधिक संस्थान सदस्य और दानीजन आए।

शिविर संयोजक रोहित तिवारी ने शिविर की रिपोर्ट बताते हुए कहा आज शिविर में 1500 अधिक दिव्यांग आए जिन्हें संस्थान पीएंडओ टीम ने पूर्ण मनोयोग से देखा और 530 दिव्यांगों का नारायण आर्टिफिशियल लिंब और 250 जन का केलिपर्स लगाने के लिए मेजरमेंट लिया। करीब 100 से ज्यादा दिव्यांग रोगियों का चयन शल्य चिकित्सा हेतु भी किया गया। जिनका उदयपुर ले जाकर नि:शुल्क ऑपरेशन होगा।

रायपुर आश्रम प्रभारी भरत पालीवाल और हरि प्रसाद लड्दा ने कहा कि कास्टिंग और मेजरमेंट के लिए दिव्यांगों को करीब 2 माह से 3 माह बाद नारायण लिम्ब पुन: रायपुर में शिविर कर पहनाए जाएंगे। संस्थान द्वारा निर्मित ये कृत्रिम अंग गुणवत्ता युक्त है और वजन में हल्के हैं और उपयोग में टिकाऊ रहेंगे।

केम्प में छत्तीसगढ़ के कवर्धा, बिलासपुर, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा व महासमुंद जिलों के अलावा उड़ीसा, मध्य प्रदेश और बंगाल से भी रोगी आए। सभी रोगियों को संस्थान की ओर से नि:शुल्क भोजन, चाय, अल्पाहार प्रदान किया गया। संस्थान की 40 सदस्य टीम की एकजुटता और मेहनत से यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

महात्मा राजेश चौहान प्रदेश संयोजक मध्यप्रदेश,वरिष्ठ सदस्य राष्ट्रीय कार्यसमिति प्रतिनिधि महंत मुकेश नाथ, भारतीय जैन संगठना के लोकेश जैन,स्थानीय समाज सेवी जयंत पटेल, संजय पारख, आरके वर्मा, गिरधर साहू, गोपाल सुलतानिया, राम खिलवा वर्मा मौजूद रहे। शिविर जसबीर सिंह और लाल सिंह ने धन्यवाद अर्पित किया। संचालन महिम ने किया।

# आचार संहिता लागू: नियम से खिलवाड़ करने वालों पर होगी कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार की शाम आचार संहिता के प्रभावशील होने के साथ पुलिस एक्शन मोड पर आ गई है। हर तरफइसका नजारा देखने को मिल रहा है। सभी क्षेत्रों में पुलिस की सख्ती अपराध नियंत्रण के साथ-साथ नियम कानून का पालन कराने को लेकर दिखने लगी है। किसी भी स्तर पर एप्रोच की गुंजाईश नहीं होने के दावें किये जा रहे है। लोगों से कहा गया है कि व्यवस्था में सहयोग करे और नियम भी माने। कोरबा लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण के अंतर्गत 7 मई को चुनाव संपन्न होंगे। निर्वाचन आयोग ने एक दिन पहले जारी कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। हालांकि प्रशासन की ओर से प्राथमिक तैयारी पहले ही शुरू कर दी थी। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली 8 सीटों में 16 लाख से ज्यादा मतदाता है जो अपने अगले सांसद को चुनने के लिए निर्णायक भूमिका निभायेंगे। निर्वाचन को लेकर प्रशासन ने आदर्श आचरण संहिता लागू कर दी है। उक्तानुसार जिले में इस पर अमल कराने की जिम्मेदारी अधिकारियों को दी गई है। इस दौर में क्या करना होगा और किन चीजों से बचने की जरूरत है, इसे प्रेस कॉफ्रेंस में स्पष्ट किया गया। नये दौर में पुलिस पूरी तरह से फ्रीहेण्ड हो गई है। इसलिए अब हर कहीं पुलिस की उपस्थिति के साथ-साथ कार्रवाई की तस्वीरें दिखाई दे रही है। बताया गया कि चुनाव और होली के मद्देनजर वैसे भी अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। शराब पीकर वाहन चलाने के साथ-साथ किसी भी तरह से यातायात से जुड़े मामले में लापरवाही बरतने पर तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है। इसमें पैनाल्टी से लेकर जब्ती का प्रावधान भी है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की कई टीमें इस काम के लिए सक्रिय है।

### जांच बेरियर भी बनाये गये

अधिकारिक जानकारी के अनुसार चुनाव में अवैध धन प्रवाह और कई प्रकार के सामानों को यहां-वहां भेजे जाने के मामले कुछ ज्यादा होते है। इसे लेकर जांच पड़ताल करने के लिए संसदीय क्षेत्र की सीमाओं पर जांच बेरियर बनाये जा रहे है। कहा गया है कि लोग अपने प्रयोजन से निश्चित सीमा तक धन राशि रख सकते है। अन्य मामलों में आवाजाही के दौरान वाहन से अतिरिक्त राशि मिलती है और इस बारे में सही जानकारी नहीं दी जाती है तो समुचित कार्रवाई की जायेगी।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

# जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने हेतु सहयोग करने की अपील की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत शनिवार 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के पश्चात् भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करते हुए जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की। बैठक में पुलिस अधीक्षक सूरजन राम भगत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक एवं जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को लोकसभा आम निर्वाचन कार्यक्रम




के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बताया कि बालोद जिला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11 कांकेर के अंतर्गत आता है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए लोकसभा आम निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिले के लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 11 कांकेर (अ.ज.जा.) के लिए उम्मीदवारों के नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि 28 मार्च से 04 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। इसी तरह नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी की तिथि 05 अप्रैल तथा अभ्यर्थीयों की नाम वापसी की अंतिम तिथि 08 अप्रैल तथा मतदान की तिथि 26 अप्रैल को निर्धारित की गई है। इसी तरह मतगणना की तिथि 04 जून को निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 06 लाख 89 हजार 977 मतदाता हैं। जिसमें 03 लाख 38 हजार 858 पुरूष मतदाता, 03 लाख 51 हजार 113 महिला मतदाता और 06 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। सर्विस वोटर्स की संख्या 2680, 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 20 हजार 298, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 6745, 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजूर्ग मतदाताओं की संख्या 573 है। जिले में विगत लोकसभा आम निर्वाचन 2019 में मतदान 76 प्रतिशत रहा है।

उन्होंने बताया कि जिले में कुल 814 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें विधानसभा 59-संजारी बालोद के 258 मतदान केन्द्र, विधानसभा 60-डौण्डीलोहारा के 270 मतदान केन्द्र और विधानसभा 61-गुण्डरदेही के 286 मतदान केन्द्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा निर्वाचन में जिले के 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों (407 मतदान केन्द्रों) में वेबकास्टिंग किया जाएगा। जिले के कुल 30 मतदान केन्द्रों (प्रत्येक विधानसभा में 10-10) मतदान केन्द्रों का संचालन महिला मतदान कर्मियों के द्वारा किया जाएगा जिसे संगवारी मतदान केन्द्र का नाम दिया गया है।

# स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत निर्वाचनकर्ता कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए बेमेतरा जिले के स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत निर्वाचनकर्ता कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू हो गया हैं। इसी क्रम में सभी निर्वाचनकर्ता स्कूल शिक्षा विभाग अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारियों का लोकसभा सामान्य निर्वाचन प्रशिक्षण 17 मार्च को जिले के चारों विकासखण्ड मुख्यालय बेमेतरा सहित, बेरला, साजा और नवागढ़ मे एक दिवसीय प्रशिक्षण रखा गया।**



प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित की गई हैं, जिसमें प्रथम पाली सुबह 10 से 1 बजे तक होंगी। इस पाली में विकासखण्ड अन्तर्गत कार्यरत समस्त प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला, समस्त सहायक शिक्षक संवर्ग, समस्त सहायक शिक्षक विज्ञान, प्रयोगशाला, समस्त ग्रंथपाल को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वही द्वितीय पाली दोपहर 2 से 5 बजे तक जिसमे विकासखण्ड अंतर्गत कार्यरत समस्त प्राचार्य, समस्त व्याख्याता संवर्ग, समस्त शिक्षक संवर्ग, समस्त व्यायाम शिक्षक, समस्त कृषि शिक्षक को प्रशिक्षण दिया जा रहा। प्रथम पाली के प्रशिक्षण में 2485 उपस्थित एवं 97 अनुपस्थित थे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 2344 उपस्थित एवं 89 अनुपस्थित थे। कलेक्टर शर्मा ने अनुपस्थित प्रशिक्षणर्थियों से कारण पूछने के निर्देश संबंधित अधिकारी कों दिए हैं।

कलेक्टर श्री शर्मा ने आज सभी चारों विकासखंड में जाकर प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों के बीच जाकर निर्वाचन प्रशिक्षण अच्छे से करने के निर्देश दिए विकासखण्ड मुख्यालयों बेमेतरा के कर्मचारियों के लिए शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा, स्थानीय में लोकसभा निर्वाचन के लिए पीठासीन और मतदान अधिकारी क्रमांक एक का प्रशिक्षण दो पारियों में संपन्न हुआ।

दोनों सत्रों में अधिकारी, कर्मचारियों ने निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित जानकारियों और प्रपत्रों को मास्टर ट्रेनर ने प्रोजेक्टर पर के माध्यम से समझा। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने आज ज़िले के सभी विकासखंडों में जाकर प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा की। साथ ही उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी सारी प्रक्रिया को पूर्ण रूप से समझे और उसे नियमानुसार अमल में लाए। दिखावटी मतदान पश्चात डाले गए मतों को क्लियर करना अनिवार्य है। इस के लिए ष्ट्रऋष्ट अवश्य करें, अभिलिखित मतों का लेखा को स्पष्ट प्रविष्टि करके लाए और पक्षपात रहित कार्यप्रणाली को अपनाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, उप जिला निर्वचन अधिकारी गुड्डू लाल जगत, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई, एसडीएम घनश्याम तंवर, सहित जिला प्रशासन की टीम उपस्थित थे7

कलेक्टर ने प्रशिक्षणकर्ता से बातचीत की इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों कों पोलिंग बूथ में कार्य करने के दौरान होने वाली समस्याओं के बारे में पूछा और उसकी समस्या का समाधान के उपाय बताये 7 उन्होंने पिछली बार की विधान सभा निर्वाचन में किये गए कार्यों को पूछा और पोलिंग में पीओ 1, 2,3 कैसे काम किया जाता है क्या काम रहता हैं इसकी जानकारी ली । कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्वाचन के ज़रूरी टिप्स दिए और सीयू बियु क्या होता हैं कैसे काम होता हैं इसकी जानकारी दी। उन्होंने क्रमवार निर्वाचन की प्रक्रिया समझायी ताकि प्रशिक्षणकर्ता को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। उन्होंने कहा की निर्वाचन आप सभी को कराना इसलिए प्रशिक्षण अच्छे से लें।

# प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में प्रसारित समाचारों और विज्ञापनों पर रहेगी कड़ी निगरानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोण्डागांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत की उपस्थिति में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए गठित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। रविवार को जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर दुदावत ने कहा कि मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे पूरी सतर्कता एवं गंभीरतापूर्वक किया जाना है।

जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं सोशल मीडिया पर प्रकाशित व प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों पर नजर रखेगी। राजनीतिक दल एवं निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों को टेलीविजन चैनल या केबल नेटवर्क पर विज्ञापन जारी करने के पहले निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत अधिकारी के समक्ष आवेदन करना होगा। इसके लिए राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित एवं प्रसारित करने के पूर्व जिला स्तरीय समिति से प्रमाणन कराना जरूरी होगा।

एमसीएमसी की टीम पैड न्यूज की मॉनिटरिंग कर सत्यापन करते हुए व्यय लेखा के समक्ष प्रस्तुत करेंगी। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति का मुख्य कार्य इलेक्ट्रानिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन करना, पेड न्यूज के मामलों की निगरानी और प्रिंट सामग्री और सोशल मीडिया की कनटेन्ट निगरानी की कार्यवाही एवं चुनावी प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के नियमों के उल्लंघन के मामलों की निगरानी करना है। आयोग के गाइडलाईन के अनुसार कोई भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी या अन्य संस्था, व्यक्ति, मतदान एवं मतदान के एक दिवस पूर्व बिना जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति के प्रमाणीकरण के प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित नहीं करा सकेगा। शेष दिनों में भी प्रिंट माध्यम से विज्ञापन प्रकाशन की सूचना 72 घंटो के भीतर जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति को देनी होगी। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित राजनीतिक दल अथवा व्यक्ति के विरूद्ध निर्वाचन आयोग के नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों को दिए गए कर्तव्यों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने की समझाईश दी। मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति की प्रशिक्षण के दौरान स्थानीय पत्रकारों को भी आमंत्रित किया गया था।















## संक्षिप्त खबरें

### युवक से मारपीट

**रायपुर ( ए. )।** कॉलेज चौक आरंग में एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर टंगिया के बेत से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ईश्वर धीवर 20 वर्ष कॉलेज चौक आरंग का रहने वाला है। बबताया जाता है कि आरोपी ढेल पनिका प्रार्थी की मां के साथ विवाद कर रहा था। जिससे प्रार्थी ने मना किया तो आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर टंगिया के बेत से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मंदिर के पास खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर ( ए. )।** गौरी शंकर मंदिर के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमित महानंद 48 वर्ष उत्कलनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमसी 1985 को गौरीशंकर मंदिर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर से मोबाइल व जेवर पार

**रायपुर ( ए. )।** झंडा चौक बोरियाखुर्द टिकरापारा स्थित मकान से अज्ञात चोर ने मोबाइल व सोने के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सत्यनारायण पांडे 38 वर्ष झंडा चौक बोरियाखुर्द का रहने वाला है। बताया जाता है कि बीती रात अज्ञात चोर ने छत के रास्ते से प्रार्थी के घर में प्रवेश किया और सेमसंग कंपनी का मोबाइल व सोने के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### क्रिकेट स्टेडियम के पास मिली लाश, पुलिस जांच में जुटी

**धमतरी ( ए. )।** जिले के पोटियाडीह में आज सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब इलाके में युवक का शव मिलने की सूचना लोगो को मिली। यह खबर आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते उक्त स्थान पर लोगो का जमावड़ा लग गया। जिसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची अर्जुनी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को कब्जे में लिया। बता दें कि युवक की शिनाखत खिलेश्वर साहू पिता स्व. रामा धर साहू के रूप में हुई है जो की खरतुली का रहने वाला बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मृतक खिलेश्वर ड्राइवरी का काम करता था। बीती रात करीब 8 बजे वह अपने घर से कही जाने के लिए निकला लेकिन वापस लौटकर घर नहीं आया। जिसके बाद आज उसकी लाश पोटियाडीह स्टेडियम के पास मिली। खिलेश्वर के शव के पास उसकी बाइक भी मिली है। मामले में अर्जुनी पुलिस प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जाता रही है। हालांकि युवक के मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, अर्जुनी पुलिस की माने तो मौत की क्या वजह है यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात स्पष्ट हो पाएगा। वहीं पुलिस ने परिजनों को युवक के मृत होने की सूचना दी, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया है।

---

पुलिस फायरिंग रेंज में हादसा!, इस हाल में पहुंचा अस्पताल...मचा हड़कंप

# खोखा एकत्रित करते, मासूम के हाथ में फटा कारतूस




**राजनांदगांव ( ए. )।** तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र के तिलईरवार और टप्पा के बीच स्थित पुलिस फायरिंग रेंज में दोपहर को हादसा हो गया। हादसे में गांव के 12 वर्षीय मासूम नक्ष्य पिता दूलोचन साहू बुरी तरह झुलस गया है, जिसे उपचार के लिए राजनांदगांव के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्चे का बायां हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं हैं।

खबर है कि बालक फायरिंग रेंज में पड़े विस्फोटक सामग्री की चपेट में आ गया। 10 साल पहले भी यहां हादसा हुआ था। ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण नक्ष्य अपने कुछ दोस्तों के साथ जंगल की ओर घूमने गया हुआ था। इस दौरान वे पुलिस फायरिंग रेंज में घुस गए। वहां खेलते-खेलते नक्ष्य के हाथ में विस्फोटक सामग्री आ गया। यह नक्ष्य के हाथ में ही फट गया। उसके बाएं हाथ के चिथड़े उड़ गए। इस हादसे में उसके बांये पैर के जांघ में भी चोटें आई हैं। हादसे के बाद घबराए उनके दोस्त नक्ष्य को तुरंत टप्पा अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे राजनांदगांव रेफर कर दिया।

### नाबालिग पर तलवार से हमला, आरोपी मौके से फरार

**रायपुर ( ए. )।** चुनावी माहौल को देखते हुए शहर में आचार संहिता लागू की गई है जिसके चलते पुलिस 24 घंटे ही ड्यूटी पर तैनात रहती है मगर इसके बाद भी नाबालिग पर तलवार से हमला कर दिया गया है। राजधानी में नाबालिग पर तलवार से हमला कर उसे जख्मी कर दिया गया जिसके बाद गंभीर हालत में नाबालिग को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने थाना का घेराव कर दिया है।राजधानी में रमजान का पवित्र महीना चल रहा है जिसके चलते कई मुस्लिम वर्ग के लोग अपने-अपने घरों के बहार त्यौहार जैसा माहौल बनाकर रखते है। लेकिन इसी की आड़ में आज मौदहापारा थाना इलाके में एक नाबालिग पर अज्ञात बदमाशों ने तलवार से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस द्वारा तत्काल शहर भर में आरोपियों को पकड़ने के लिए अलर्ट जारी कर दिया गया है।

---

# शादी से लौट रहे ग्रामीणों पर हाथी का हमला, एक की मौत

साथ चल रहे अन्य लोगों ने भाग कर बचाई अपनी जान





**जशपुरनगर ( ए. )।** जशपुर जिले के बगीचा वन परिक्षेत्र में रविवार के तड़के हाथियों के हमले में खुलेश्वर नागवंशी नाम के एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके साथ चल रहे युवक ने किसी प्रकार भाग कर अपनी जान बचाई। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार इस हादसे में बुरी तरह से घायल खुलेश्वर को घटनास्थल के आसपास ही मौजूद वन विभाग की टीम के द्वारा पहले बगीचा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना में बाल-बाल बचे युवक ने जानकारी देते हुए बताया कि, मृतक बगीचा क्षेत्र के अपने गांव नवगुटरी से ग्राम पंचायत पसिया में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गया था, और तड़के पसिया गांव से अपने गांव नवगुटरी लौटने के दौरान हुआ। मृतक के साथ चल रहे युवक ने बाद में बताया कि घर लौटने के दौरान लोगों ने रास्त में हाथी होने की जानकारी दी थी, जिसके कारण मृतक और वो रास्ते में टार्च जलाकर चल रहे थे। रास्ते में पड़ने वाले तालाब में उन्होंने देखा कि हाथी उसी तालाब में नहा रहा है, लेकिन टार्च की रोशनी पड़ते ही वल भडक़ गया और उन्हे दौड़ाने लगा।

घटना के संबंध में विभिन्न सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात को जिले के बगीचा वन परिक्षेत्र के गांव में शादी समारोह से लौट रहे, दो ग्रामीणों पर रास्ते में विचरण कर रहे हाथियों के दल के एक हाथी ने मृतक खुलेश्वर और उसके साथ चल रहे एक अन्य युवक पर हमला बोल दिया। मृतक के साथ चल रहे युवक ने किसी प्रकार भाग कर अपनी जान बचा ली, लेकिन मृतक हाथी की चपेट में आ गया जिसे हाथी ने बुरी तरह पैरों से रौंद दिया। घटनास्थल के आसपास ही तैनात वन विभाग की टीम ने आनन-फानन में घायल खुलेश्वर को बगीचा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

सरपंच ने रात में जाने से रोका, पर नहीं माना मृतक- घटना के संबंध में जानकारी देते हुए क्षेत्र के डिप्टी रेंजर प्रमोद शुक्ला ने बताया की शनिवार को ही सरगुजा जिले के सीतापुर क्षेत्र से यह हाथी जिले की सीमा में घुस आया है। जिसके संबंध में सुबह से क्षेत्र में मुनादी कराई जा रही थी, मृतक इस क्षेत्र में राजमिस्त्री का काम करता था, जिसकी वजह से क्षेत्र के सरपंच नंदलाल साय ने रात को शादी के बाद मृतक को घर लौटने से मना किया, लेकिन सरपंच के नहीं मना करने पर उसने एक अन्य युवक को मृतक को घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी थी, इसके बाद यह हादसा हुआ। मृतक के परिवार को वन विभाग की ओर से तात्कालिक सहायता राशि 25 हजार रुपए दी गई है।

सप्ताहभर में आठ घरों में तोड़फोड़ कर चुके हाथी- क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि, जशपुर जिले के बगीचा, पत्थलगांव और तपकरा क्षेत्र के जंगलों में भोजन-पानी नहीं मिलने से हाथियों के दल आए दिन इन क्षेत्रों के रिहायशी इलाकों में पहुंच कर घरों में हमला कर रहे हैं। जिससे हाथियों से होने वाली जानमाल के नुकसान का सिलसिला भमने का नाम नहीं ले रहा है। आज की घटना के बाद बगीचा क्षेत्र में हाथियों के लगातार हमले से परेशान ग्रामीणों ने रविवार को ही बगीचा थाना पहुंच कर हाथियों से अपने जानमाल की सुरक्षा प्रदान करने की भी गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना था कि, इस सप्ताह हाथियों के हमले से 8 घरों को क्षतिग्रस्त करने के साथ एक युवक को कुचल कर मार दिया। दरअसलए गर्मी से पहले ही जंगलों में हाथियों को भोजन पानी की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसी वजह रिहायशी इलाकों में हाथियों के दल आए दिन पहुंच कर हमले कर रहे हैं। बगीचा के वनपरिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि यहां हाथियों के चार दल ने दर्जन भर गांव में उत्पात मचा रखा है।

### निर्माण कार्य में लगे ठेकेदारों को नक्सलियों की धमकी

**सुकमा ( ए. )।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों ने निर्माण कार्य में लगे ठेकेदारों को धमकी दी है। जिले के दोरनापाल में नक्सलियों की दक्षिण बस्तर डिविजन कमेटी ने पर्चा जारी कर ठेकेदारों को चेतावनी दी है। नक्सलियों ने पर्चे में लिखा है कि केंद्र व राज्य की डबल इंजन भाजपा सरकार विकास के नाम पर जल, जंगल और प्राकृतिक संपदाओं, संसाधनों व पर्यावरण को नुकसान पहुंचाा रही है। नक्सलियों ने निर्माण कार्य में लगे ठेकेदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपना काम बंद कर दे अन्यथा अपनी मौत के जिम्मेदार खुद होंगे।

नक्सलियों जारी पर्चे में लिखा है कि ऑपरेशन कगार के तहत आदिवासी इलाकों में युद्ध स्तर पर रोड, पुल और पुलिया नये-नये पुलिस कैंप, थाना टेक्नीकल हेड क्वार्टर, हेलिपैड, मोबाइल टॉवरों का निर्माण किया जा रहा है। जनता की जमीनों को जबरदस्ती बलपूर्वक हड़पने का आरोप लगाते हुए नक्सलियों ने लिखा कि पेड़-पौधों को काटा जा रहा है। जनता के भारी विरोध प्रदर्शन के बावजूद उनके ऊपर बमबारी, फायरिंग, मारपीट और लूटपाट की जा रही है। साथ ही महिलाओं पर अत्याचार और अवैध गिरफ्तारियों जैसे तरह-तरह के हथकंडे अपनाने का आरोप भी नक्सलियों ने लगाया है। नक्सलियों ने लिखा है कि इन जनविरोधी कार्य में शामिल ठेकेदारों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। ठेकेदार अपने कार्यों को छोड़ दें, अन्यथा मौत की सजा देने की चेतावनी नक्सलियों ने दी है। उन्होंने यह भी लिखा कि कुछ लोकल लोग भी अपनी गाड़ियां, रोड, पुल और पुलिया जैसे निर्माण कार्य में दे रहे हैं। ऐसे लोगों को भी नक्सलियों ने निर्माण कार्य में अपनी गाड़ियां नहीं लगाने कहा है। नक्सलियों ने लिखा है कि समझाने के बाद भी यही लोग हमारी बात नहीं मानेंगे तो अपनी मौत के जिम्मेदार खुद होंगे।

---

# प्रेमी जोड़े की मिली लाश

युवक ने पहले प्रेमिका की हत्या की, फिर खुद लगाया मौत को गले

**सूरजपुर ( ए )।** सूरजपुर जिले में कुम्दा रेलवे फाटक के पास प्रेमी जोड़े का शव मिला है। प्रेमी ने प्रेमिका की गला घोंटने के बाद उसकी गला काटकर हत्या कर दी और खुद भी गला काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की। सफल नहीं होने पर फांसी के फंदे पर झूल गया। घटना की सूचना पर सूरजपुर एसपी सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। शवों को पीएम के लिए भेज दिया गया है।



मृतका

जानकारी के मुताबिक दतिमा-विश्रामपुर मुख्य मार्ग पर स्थित बांसबाड़ी में शनिवार की दोपहर विश्रामपुर के फायर वॉचर आग की जांच के लिए पहुंचे तो एक युवक का शव फांसी पर झूलते देखा। पास ही एक युवती का शव पड़ा था। घटना की सूचना पर विश्रामपुर टीआई अलरिक लकड़ा की टीम मौके पर पहुंची। घटना स्थल पर पुलिस को खून से सने दो ब्लेड भी मिले हैं।

जांच के दौरान युवती की पहचान कुम्दा बस्ती निवासी पूजा देवांगन (24) और युवक की पहचान ग्राम पंचायत गोपीपुर तेपरा निवासी शिवम पनिका (25) के रूप में हुई। पूजा देवांगन का शव गड्ढे में पड़ा हुआ मिला। उसका गला कटा था। पास ही एक पेड़ पर युवक का शव फांसी पर झूलता हुआ मिला। अंबिकापुर से फोरेंसिक एक्सपर्ट कुलदीप कुजुर की टीम और सूरजपुर से डॉग स्क्रायड की टीम ने मौके पर पहुंच जांच की।

फोरेंसिक और डॉग स्क्रायड की जांच में युवती की हत्या के बाद प्रेमी ने आत्महत्या करने की आशंका व्यक्त की गई है। युवती की हत्या के लिए चुन्नी से उसका गला दबाया गया। उसकी मौत नहीं होने पर प्रेमी ने ब्लेड से उसका गला काट दिया। वहीं युवक ने स्वयं के गले पर दो बार वार कर आत्महत्या की कोशिश की। सफल नहीं होने पर उसने स्वयं फांसी लगा ली।

पुलिस पूछताछ में परिजनों ने बताया कि युवक शिवम पनिका शुक्रवार दोपहर बाइक से दोस्तों के साथ घूमने जाना बताकर निकला था और रात को नहीं लौटा। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। मौके पर एक मोबाइल भी बरामद हुआ है। युवती भी दोपहर से गायब थी। परिजन उसकी भी खोजबीन कर रहे थे। युवक के पिता राजू पनिका ने बताया कि गुरुवार को ही उसके बेटे ने बताया था कि वह युवती से प्रेम करता है और उसके परिजन उसकी दूसरी जगह शादी की बात कर रहे हैं। उसने दोपहर में शराब भी पी लिया था। उसका सूरजपुर अस्पताल में उपचार कराया गया था।

युवती के पिता परवल देवांगन ने बताया कि पूजा देवांगन की शादी अंबिकापुर निवासी एक युवक के साथ तय होने वाली थी। शिवम पनिका ने पूजा को दूसरी युवती के माध्यम से संपर्क कर बुलाया था। परिजन युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने बिश्रामपुर थाना भी गए थे। माना जा रहा है कि दोनों ने साथ नहीं रह पाने की स्थिति में साथ मरने का फैसला किया। पुलिस ने दोनों के शवों को पंचनामा के बाद पीएम के लिए भेज दिया। शवों का पीएम रविवार को किया जाएगा। एडिशनल एसपी संतोष कुमार महतो ने बताया कि पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

---

आरोपी अपने पिता पर लगातार जमीन बेचने का दबाव बनाता रहा

# हैवान बना बेटा, रुपयों के लिए कर दी बाप की हत्या

**बलौदाबाजार ( ए. )।** शहर से लगे रिसदा गांव में हुए वृद्ध की हत्याकांड में बेटा ही हत्यारा निकला। पुलिस ने हत्यारे बेटे जितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने बताया कि उस पर काफी कर्ज था। पिता की जमीन एक प्लांट में आ रही थी। इससे उन्हें करोड़ों रुपए मिलते। सारा कर्ज उतर जाता। लेकिन, पिता जमीन बेचने को राजी नहीं थे। ऐसे में उसने साजिश रचकर अपने ही पिता को मौत के घाट उतार दिया।

बलौदाबाजार पुलिस के खुलासा करते हुए कहा कि कुमारी वर्मा ने अपने पति चिंतामणि वर्मा (66) की हत्या कर रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि सुबह 5.30 बजे घर की बाड़ी में उसे उसके पति मृत मिले। उनके सिर पर गंभीर चोटें थीं। पुलिस शिकायत दर्ज कर जांच में जुट गई।



शव की जांच में पता चला कि सिर की दाईं तरफऔर ठुड्डी में गंभीर चोटें आई हैं। इसके बाद शिकायतकर्ता कुमारी के साथ पंचजन मनोज वर्मा, संजय कुमार वर्मा, किरीत राम वर्मा से पूछताछ की गई। सभी ने बताया कि जितेंद्र कर्ज से लदा था। इसी बीच पिता चिंतामणि की जमीन एक प्लांट में आ गई थी।

जमीन बेचकर उन्हें करोड़ों रुपए मिलते। जितेंद्र जमीन बेचकर कर्ज लौटाना चाहता था। ऐसे में वह लगातार अपने पिता पर जमीन बेचने का दबाव बनाता रहा। पिता इस बात पर राजी नहीं थे। ऐसे में वह हमेशा उन पर गुस्सा रहता था। इस बयान के बाद जितेंद्र को पकड़कर सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

पुलिस की पूछताछ में हत्यारे जितेंद्र ने बताया, हत्या की प्लानिंग उसने पहले ही बना ली थी। वह बस अच्छे मौके का इंतजार कर रहा था। शुक्रवार सुबह वह अपने पिता के उठने से पहले ही बाड़ी में छिपकर बैठ गया था। सुबह करीब 5.30 बजे चिंतामणि फ्रेश होने के लिए बाड़ी के आखिरी छोर में बने शौचालय की ओर निकले। यहां गुप अंधेरा था। जितेंद्र ने इसी अंधेरे का फायदा उठाया। पास ही पड़ी टाइल्स उठाकर अपने पिता पर पीछे से हमला कर दिया। सिर और ठुड्डी पर कई ताबड़तोड़ वार किए। कंधे पर थी। इस घातक हमले में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

जितेंद्र ने बताया कि पिता को मारने के बाद वह उनकी लाश को घसीटते हुए शौचालय के पास ले गया। यहां पिता की बॉडी को शौचालय की दीवार से टिकाकर वह मॉर्निंग वॉक पर निकल गया। जांच के दौरान पुलिस को बाड़ी से खून लगा वह कपड़ा मिल गया है जिसे हत्या के बाद हाथ पोंछने के लिए इस्तेमाल किया गया था। इसके अलावा खून लगी एक बाल्टी भी मिली है जिसका इस्तेमाल संभवतः खून से सने हाथ-पैर धोने के लिए किया गया था। पुलिस ने हत्यारे जितेंद्र के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। टी आई अजय झा, एसआई एलआर राजपूत, एएसआई सीआर साहू, हैड कॉन्स्टेबल समीर शुक्ला, अमोल सिंह कंवर, कॉन्स्टेबल अकरम खान, देवलाल निराला, नरेन्द्र पटेल सहित एफएसएल यूनिट और डॉग स्क्रॉड ने इस केस सुलझाने में अहम भूमिका निभाई।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

मिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
V.I.P. happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### ध्वनि विस्तारक यंत्रो का प्रयोग रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक प्रतिबंधित

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही जिले के आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। निर्वाचन के दौरान सभी राजनैतिक दल, उनके कार्यकर्ता तथा उनसे सहानुभूति रखने वाले व्यक्ति अपने दल के प्रचार-प्रसार के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करते हैं। इन ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग, न केवल स्थायी रूप से होता है, विभिन्न वाहनों जैसे जीप, कार, ट्रक, टेम्पो तिपहिया स्कूटर सायकल रिक्शा आदि पर घूम-घूम कर या स्थिर रखकर भी होता है। ये वाहन सभी गलियों, सड़कों एवं उपगलियों पर चलते हैं तथा गांव बस्तियों मोहल्लों एवं कालोनियों से बहुत ऊंची आवाज लाउड स्पीकरों से प्रसारण करते हुए जाते हैं। लाउड स्पीकरों पर अप्रतिबंधित रूप से किये जाने वाले शोरगुल से वृद्ध, दुर्बल, बीमार व्यक्ति को चाहे वह किसी चिकित्सालय संस्थान में हो या घर में हो बहुत परेशानी होती है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने निर्वाचन अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग को नियंत्रित करने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 04 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों तथा नगरीय क्षेत्रों में रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जाना अथवा करवाया जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया है। आदेशानुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग, चुनाव प्रचार करने के लिए वाहनों पर एवं चुनावी सभाओं में नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही समक्ष अधिकारी की अनुमति पश्चात किया जा सकेगा।

### अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**दुर्ग।** दुर्ग जिले में शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने आदेश जारी किया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु सभी अधिकारी व कर्मचारी बिना पूर्वानुमति के न तो अवकाश पर रहेंगे और ना ही मुख्यालय छोड़ेंगे। जिला स्तर पर तथा जिला के अंतर्गत समस्त शासकीय एवं राज्य शासन की विभागीय इकाईयों, उपक्रमों के अमले के अवकाश की स्वीकृति हेतु जिला कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी सक्षम अधिकारी होंगे।

### दुर्ग शहर से निकलने वाले ठोस अपशिष्ट का निष्पादन हेतु प्लांट की स्थापना का कार्य प्रारंभ

**दुर्ग।** दुर्ग शहर से प्रतिदिन 120-125 टन ठोस अपशिष्ट उत्पादित होता है जिसमें से निगम में स्थित 10 एस.एल.आर.एम. सेंटर से प्रतिदिन 35-40 टन का निष्पादन के उपरांत शेष 80-85 टन ठोस अपशिष्ट के निष्पादन हेतु नगर निगम दुर्ग की महापौर परिषद एवं सामान्य सभा द्वारा पारित संकल्प अनुसार प्लांट की स्थापना होगी।अनुबंधित कंपनी उरला में स्थित लगभग 3 एकड़ भूमि पर चुने की मार्किंग कर जे.सी.बी. के माध्यम से भूमि समतलीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है। प्लांट की स्थापना पर होने वाला व्यय कंपनी के द्वारा किया जायेगा निगम को मात्र प्रतिमाह 7.50 लाख का व्यय होगा उक्त प्लांट की स्थापना एवं संचालन से शहर में अन्य स्थानों पर लिगेशी वेस्ट का डम्प होना बंद हो जायेगा नगर निगम दुर्ग के इस निर्णय से ठोस अपशिष्ट का निष्पादन के कार्य में बहुत बड़ी राहत मिलेगी। 3 एकड़ भूमि पर दिनांक 15 /3/24 को निगम के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं श्री दबाले उपअभियंता के मार्गदर्शन में 3 एकड़ एरिया में चुने की मार्किंग किया गया।

भाजपा की लोक सभा स्तरीय सोशल मीडिया आईडी इनफ्लुएंसर मीट संपन्न

# सोशल मीडिया भाजपा के कार्यकर्ता एवं इनफ्लुएंसर भाजपा की जीत की प्रमुख कड़ी - विजय बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। भाजपा की दुर्ग लोकसभा स्तरीय सोशल मीडिया आईटी इनफ्लुएंसर मीट दुर्ग बायपास रोड में स्थित होटल चौहान इंपीरियल में लोकसभा सांसद विजय बघेल की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुई आयोजित कार्यक्रम में दुर्ग लोकसभा के संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र से सोशल मीडिया, आईटी के भाजपा कार्यकर्ता एवं सोशल विभिन्न प्लेटफार्म पर भारतीय जनता पार्टी एवं अपने सोशल अकाउंट पर विभिन्न माध्यम से आम जनमानस के बीच में अपना संदेश प्रेषित करते हैं उनका सम्मान प्रतीक चिन्ह देकर किया गया**




इस अवसर पर लोकसभा सांसद विजय बघेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है करोड़ों कार्यकर्ता है उसके बावजूद सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अपना व्यक्तिगत मत रखते हुए भाजपा के पक्ष में माहौल तैयार करते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जब 2014 के चुनाव में आए तो सोशल मीडिया एक लिमिट प्लेटफार्म था पर मोदी जी ने आज चुनाव को लेकर सबसे बड़ा हथियार के रूप में विकसित कर दिया है हमें गर्व होता है कि हम उसे पार्टी के हिस्सा हैं भारत माता की वह लाल जो विश्व के सर्वमान्य नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन्होंने भारत माता को विश्व गुरु बनाने के लिए रात दिन एक कर रहे हैं एक समय था अपनी सुरक्षा की दृष्टिकोण से दूसरे देशों का मुंह ताकना पड़ता था पर आज स्वयं हम दूसरे देशों को भी हथियार बेच रहे हैं आर्थिक स्तर पर भारत काफी तेजी से मजबूत बन रहा है शिक्षा का स्तर स्वास्थ्य का स्तर बड़ी तेजी से बदलाव आया है और इन सभी बदलाव को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ हमारे सोशल मीडिया के इनफ्लुएंसर आम जनमानस के मानस पटल पर रेखांकित कर रहे हैं मैं योद्धाओं को नमन करता हूं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता दीपक महस्के इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया का विभिन्न प्लेटफार्म में उपस्थित आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में महारत हासिल प्राप्त किए हुए आप सभी किसी न किसी रूप से पार्टी के पक्ष में माहौल तैयार करते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है आने वाले दिनों में आप सभी जिस तरह विधानसभा चुनाव में सोशल मीडिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराए थे ठीक उसी तरह लोकसभा के चुनाव में भी पूरी शक्ति के साथ भाजपा की जीत तय करनी है।

आईटी सेल के प्रदेश संयोजक सुनील पिल्लई ने इस अवसर पर कहा कि आईटी सेल और सोशल मीडिया किसी समय में पार्टी के एक ही अंग थे जैसे-जैसे कार्य बढ़ता गया इसे अलग किया गया लेकिन हम सभी एक ही संगठन के कार्य करता है और दोनों कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे पार्टी के विभिन्न स्वरूप में जो आईटी के सेक्टर एवं सोशल मीडिया के प्लेटफार्म में चेंज आते हैं समय-समय पर उसकी समीक्षा करना और कार्यकर्ताओं के बीच में रखना और उन्हें प्रशिक्षित करना हम सबका दायित्व है सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को मैं नमन करता हूं जो पार्टी के पक्ष में हमेशा लिखते हैं और विपक्षियों के हमलो का जवाब भी देते हैं। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष भिलाई महेश वर्मा ने भी संबोधित किया। आयोजित कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा ने किया और आभार सोशल मीडिया लोकसभा प्रभारी प्रमोद सिंह ने किया।

आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, प्रदेश मंत्री एवं लोकसभा प्रभारी अवधेश चंदेल, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता दीपक महस्के, भाजपा सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक सोमेश चंद्र पांडेय, आईटी सेल प्रदेश संयोजक सुनील पिल्लई, लोकसभा शह प्रभारी प्रितपाल बेलचंदन, विधायक ललित चंद्राकर, भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा भिलाई जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, लोक सभा संयोजक आई टी सेल सोशल मीडिया प्रमोद सिंह, लोक सभा सहसंयोजक एवं दुर्ग संभाग प्रभारी राकेश साहू महामंत्री प्रेम साहू, बिजेंद्र सिंह , दुर्ग लोकसभा सोशल मीडिया सोशल मीडिया संभाग प्रभारी अभिषेक कश्यप, ,राजा महोबिया, जिला संयोजक आई टी सेल जितेंद्र सिंह राजपूत, भारत भम्भाणी, जिला संयोजक सोशल मीडिया रवि कश्यप, रजनीश श्रीवास्तव, आयुषी पांडेय, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक उपस्थित थे। आयोजित कार्यक्रम में दुर्ग लोकसभा के अंतर्गत आने वाले विधानसभा दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण,अहिवारा, पाटन, वैशाली नगर, भिलाई नगर, बेमेतरा, नवागढ़ ,साजा, विधानसभा क्षेत्र के सोशल मीडिया एवं आईटी सेल के कार्यकर्ता एवं सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर उपस्थित रहे।

# आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने व कार्यवाही करने अधिकारियों की समिति गठित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 के संदर्भ में प्रत्याशी, राजनीतिक दल, शासकीय अधिकारी व कर्मचारी तथा अन्य हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने हेतु (चुनाव आचार संहिता के घोषणा उपरांत तत्काल प्रभाव से) अधिकारियों को उनके क्षेत्रांतर्गत कार्यवाही करने हेतु समिति का गठन किया है।**



जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार नगरीय क्षेत्र में आयुक्त, नगर निगम/मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा जनपद पंचायतों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कमेटी के सदस्य अपने अधीनस्थ अधिकारी व कर्मचारी को भी निर्देश देकर आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराएंगे।

प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यवाही करने हेतु समिति के गठन में नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के लिए आयुक्त नगर निगम को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग एवं विधानसभा (संबंधित क्षेत्र), कार्यपालन अभियंता छ.ग.राज्य विद्युत मंडल (संबंधित क्षेत्र), नगर पुलिस अधीक्षक (संबंधित क्षेत्र), तहसीलदार (संबंधित क्षेत्र) और थाना प्रभारी (संबंधित क्षेत्र) को सदस्य नियुक्त किया गया है और जोन कमिश्नर (संबंधित क्षेत्र) को संयोजक नियुक्त किया गया है।

नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र के लिए आयुक्त नगर निगम को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग एवं विधानसभा (संबंधित क्षेत्र), कार्यपालन अभियंता छ.ग.राज्य विद्युत मंडल (संबंधित क्षेत्र), नगर पुलिस अधीक्षक (संबंधित क्षेत्र), तहसीलदार (संबंधित क्षेत्र) और थाना प्रभारी (संबंधित क्षेत्र) को सदस्य नियुक्त किया गया है और जोन कमिश्नर (संबंधित क्षेत्र) को संयोजक नियुक्त किया गया है।

नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा क्षेत्र के लिए आयुक्त नगर निगम को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग एवं विधानसभा (संबंधित क्षेत्र), कार्यपालन अभियंता छ.ग.राज्य विद्युत मंडल (संबंधित क्षेत्र), नगर पुलिस अधीक्षक (संबंधित क्षेत्र), तहसीलदार (संबंधित क्षेत्र) और थाना प्रभारी (संबंधित क्षेत्र) को सदस्य नियुक्त किया गया है और जोन कमिश्नर (संबंधित क्षेत्र) को संयोजक नियुक्त किया गया है। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के लिए आयुक्त नगर निगम को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग एवं विधानसभा (संबंधित क्षेत्र), कार्यपालन अभियंता छ.ग.राज्य विद्युत मंडल (संबंधित क्षेत्र), नगर पुलिस अधीक्षक (संबंधित क्षेत्र), तहसीलदार (संबंधित क्षेत्र) और थाना प्रभारी (संबंधित क्षेत्र) को सदस्य नियुक्त किया गया है और जोन कमिश्नर (संबंधित क्षेत्र) को संयोजक नियुक्त किया गया है। नगर पालिका जामुल क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (संबंधित क्षेत्र), कार्यपालन अभियंता छ.ग.राज्य विद्युत मंडल (संबंधित क्षेत्र), नगर पुलिस अधीक्षक (संबंधित क्षेत्र), तहसीलदार (संबंधित क्षेत्र), थाना प्रभारी (संबंधित क्षेत्र), प्रभारी अधिकारी सर्व संबंधित विभाग को सदस्य नियुक्त किया गया है और मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका जामुल (संबंधित क्षेत्र) को संयोजक नियुक्त किया गया है।

### आमसभा, प्रचार, जुलुस के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग की अनुमति हेतु सक्षम प्राधिकारी नियुक्त

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए छ.ग. कोलाहल अधिनियम 1985 के अंतर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउड स्पीकर) के उपयोग के संबंध में जारी किये गये प्रतिबंधात्मक आदेश के संदर्भ में प्रदत्त अधिकार का उपयोग कर चुनाव प्रचार सभाओं के आयोजन, सभाओं में लाउड स्पीकरों के उपयोग, प्रचार वाहनों में लाउड स्पीकर के उपयोग, जुलुस के मार्ग निर्धारण, जुलुस निकालने की अनुमति देने के संबंध में नगर पालिक निगम रिसाली भिलाई के आयुक्त मोनिका वर्मा को सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया है। इनके लिंक अधिकारी संयुक्त कलेक्टर दीपक निकुंज रहेंगे। जिला दंडाधिकारी के आदेशानुसार नियुक्त सक्षम प्राधिकारी अपने कार्यालय में अनुमति हेतु प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों की प्राप्ति पंजीबद्ध करेंगे। चुनाव प्रचार के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति मिलने पर भी अधिकतम प्रातः 06.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक ही किया जा सकेगा। सामान्यतः आमसभा, प्रचार, जुलुस के लिये लाउड स्पीकर का उपयोग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति मिलने पर भी अधिकतम प्रातः 6.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक ही किया जा सकेगा।

## बीडीएस कॉलेज में निःशुल्क रोजगार मेले में युवाओं का उमड़ा जनसैलाब




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बी डी एस ग्रुप ऑफ एजुकेशन (आइसेक्ट- सुपेला, बी डी एस कॉलेज, रमन आई टी आई) एवं बॉश इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान से बी डी एस कॉलेज बाबा दीप सिंग नगर, वैशाली नगर, भिलाई में निःशुल्क रोजगार मेला का आयोजन किया गया।

रोजगार मेले में डिजिटल मिडिया, बीमा, बैंक, फाइनेंस, आईटी, बीपीओ, हेल्थ, एग्रीकल्चर, सिक्युरिटी सेक्टर से 22 कंपनियो ने भाग लिया। मेले में कंपनियो के प्रतिनिधियो द्वारा 2000 से अधिक रिक्त पदो पर साक्षातकार के माध्यम से नियुक्ति प्रकिया की गई। इस रोजगार मेले में 902 अभियार्थियो ने रजिस्ट्रेशन कराया।

रोजगार मेले में बी डी एस ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निर्देशक अरविंदर सिंग जी, शिक्षाविद एम पी शुक्ला, बॉश इंडिया फाउंडेशन के स्टेट हेड सी. एस. पांडेय जी एवं सोशल मिडिया से यशवंत साहू जी, हरप्रीत भाटिया, शिवेंद्र शिंदे, कृष्ण कुमार साहू शामिल हुए। इस संबंध में एम पी शुक्ला ने संस्था द्वारा किए गए रोजगार मेले के आयोजन की सराहना की और कहा कि यह रोजगार मेला बेरोजगार युवाओ के लिए रोजगार के अवसर लेकर आया है, युवा नौकरी पाकर आत्मर्निभर बनेंगें। और 350 से अधिक नियुक्ति पत्र देकर अभियार्थियो को अपनी शुभकामनाए दी।

रोजगार मेले के सफलतापूर्वक आयोजन में वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन, जिला रोजगार केन्द्र के डिप्टी डायरेक्टर राजकुमार कुर्रे जी, बॉश इंडिया फाउंडेशन के स्टेट हेड सी. एस. पांडेय जी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। बी डी एस ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निर्देशकअरविंदर सिंग एवं सेन्टर हैड श्रीमती जसप्रीत कौर ने संस्था के स्टाफनीता पाठक, अनीता गिरी, सोनी सिंग, संध्या सतपथी, अशोक देवांगन, एन. श्री रामुलू, मारिया ओगसिंटिन, वैभव भिमटें, रितू इशा पटेल, दिपक जागडें, जगदीश यादव, रमा रामटेके का आभार प्रकट किया।

# लाइसेंसी हथियार 7 दिन के भीतर जमा करना अनिवार्य, कलेक्टर चौधरी ने दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। लोकसभा चुनाव को देखते हुए लाइसेंसी हथियार रखने वालों को कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने निर्देश जारी किया है। कलेक्टर ने ऐसे सभी लोगों से अपने हथियार एक सप्ताह के भीतर जमा कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू की गई है। इसके कारण अस्त्रों के संभावित दुरुपयोग को रोकने व आम व्यक्ति की सुरक्षा की दृष्टि से आग्नेय अस्त्र लायसेंसियों को अस्त्र जमा करने के निर्देश दिए है।



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने आयुध अधिनियम, 1959 की धारा 17 उपधारा (3) के उप क्लाज (बी) धारा-21 के तहत दुर्ग जिले अंतर्गत समस्त क्षेत्र मे रहने वाले सभी शस्त्र लायसेंसियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने आग्नेय अस्त्र-शस्त्र नजदीकी पुलिस स्टेशन में 7 दिवस के अंदर जमा करायें। इसके अतिरिक्त लायसेंसी अपने शस्त्र संबंधित शस्त्र डीलर, जिनके पास शस्त्र डिपोजिट करने अनुज्ञप्ति है, यहां भी जमा कर सकते है। जो व्यक्ति शस्त्र डीलर के पास शस्त्र जमा करते हैं, उसकी सूचना भी संबंधित थाने में प्रदान करेंगे।

कलेक्टर ने कहा है कि संबंधित शस्त्र डीलर थानेवार जानकारी तैयार कर संबंधित थाने एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। यह आदेश जिले में निवासरत् सभी लायसेंसी तथा बाहर के जिले से आये लायसेंसी पर भी लागू होगा। सभी लायसेंसी आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत अपने शस्त्र वापस प्राप्त कर सकेंगे। इस हेतु गठित जिला कमेटी द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार आदेश से समस्त मान्यता प्राप्त बैंकों के सुरक्षा गार्ड/वित्तीय संस्थाओं के सुरक्षा गार्ड, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति, राष्ट्रीय रायफल संघ व जिला रायफल संघ तथा इस जिले के औद्योगिक संस्थानों शैक्षणिक संस्थानों एवं महत्वपूर्ण शासकीय संस्थानों के सुख्क्षा हेतु तैनात सुरक्षा गार्ड मुक्त रहेंगे।

जिला दंडाधिकारी के आदेशानुसार ऐसे अनुज्ञप्तिधारी व्यक्ति, जिनके पास सुरक्षा के लिहाज से शस्त्र होना अति आवश्यक है। अनुज्ञप्तिधारी के आवेदन पर कमेटी द्वारा विचार उपरांत इस आदेश से मुक्त रखने अथवा नहीं रखने के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। जिला कमेटी को दिये जाने वाले आवेदन कलेक्टर परिसर में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दुर्ग के कक्ष कमांक 31 में दिया जाएगा। वे सभी अनुज्ञप्तिधारी, जिन्हें आदेश से मुक्त रखा गया है, को भी अपने अस्त्र-शस्त्र की सूचना संबंधित थाने में आवश्यक रूप से तत्काल देनी होगी तथा अपने अस्त्र बिना थाना प्रभारी की अनुमति के अपने परिसर की सीमा क्षेत्र से बाहर नहीं ले जा सकेंगे। कलेक्टर के निर्देशानुसार 16 मार्च 2024 से निर्वाचन प्रक्रिया की संमाप्ति (लोकसभा निर्वाचन 2024) तक के लिए दुर्ग जिला सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले शस्त्र लायसेंसियों के शस्त्र लायसेंस निलंबित किए गए हैं।

संबंधित थाना प्रभारी एवं संबंधित शस्त्र डीलर यह सुनिश्चित करेंगे कि इस तरह जमा किये जाने वाले शस्त्र का उचित रूप से पंजी बनाकर उसमें जमा किये जाने वाले शस्त्रों का इंद्राज करेंगे और शस्त्र जमा करने वालों को इस संबंध में पावती देंगे जमा कराये गये शस्त्रों को समुचित रूप से अपने अभिरक्षा में सुरक्षित रखेंगे एवं निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्ति के पश्चात् एक सप्ताह के अंदर संबंधित अनुज्ञप्तिधारियों को शस्त्र लौटाना सुनिश्चित करेंगे। आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

नारी शक्ति रत्न सम्मान समारोह

# 25 महिलाओं को उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया गया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** हर साल की तरह एस एस फाउंडेशन द्वारा नारी शक्ति रत्न सम्मान समारोह 2024 का आयोजन भिलाई के होटल अमित पार्क इंटरनेशनल में आयोजित किया गया। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से 25 महिलाओ को उसके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. श्रुतिका देवेंद्र यादव एवं अतिथि के रूप में डीएसपी शिल्पा साहू उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सुचित्रा सोनी (सीपी ज्वेलर्स), नोमिन साहू (पार्षद) और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत नीरज ठाकुर उपस्तिथ रहे।



कार्यक्रम के दौरान अतिथियो ने सभी महिलाओं को उसके उत्कृठ कार्य के लिए सराहना दिया और सभी को कुछ आगे बढ़ने के लिए कुछ टिप्स भी दिए। इस कार्यक्रम की आयोजक शिखा साहू ने कहा कि मुख्य उद्देश्य है कि छत्तीसगढ़ में प्रतिभाओ की कमी नही है सभी में कुछ ना कुछ हुनर होता है अपने इस हुनर के कारण ही आज वो समाज में जाने जाते है इस आयोजन के माध्यम से उन सभी महिलाओ को प्रोत्साहित किया जाता है।

कार्यक्रम में ज्योति पारख, ममता मोटवानी, जागृति गोठी, डॉ. मोनिका साहू, पिया भौमिक, दीपाली मिश्रा, चित्रेखा साहू, निर्मला मजूमदार, रीता मंडल, किरण राठौर, ममता सेन, रश्मि, शीतल समूह, सुशीला, निशा साहू, सुचित्रा सोनी आदि का सम्मान किया गया। शिखा साहू ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये अपनी समूह के सभी सदस्यों जागेश्वरी मेश्राम, सोमा साहू, झिलमिल बेनर्जी, रानू यादव, रजनी कौर, संगीता आदि का हृदय से आभार व्यक्त किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950